▪ भाद्रपद कृष्णा - 6 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 44 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » मंगलवार » 05-09-2023 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 क्या सनातन धर्म को निशाना बनाने का फैसला विपक्षी गठबंधन की मुंबई बैठक में हुआ था?

6 एक देश, एक चुनाव के मायने?

7 भारत की यात्रा को लेकर उत्सुक, शी के हिस्सा न लेने से निराश हूं : बाइडन

## फर्स्ट टेक

### यूक्रेन के रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेज़निकोव बर्खास्त

**कीव/वार्ता।** यूक्रेन के रक्षा मंत्री ओलेक्सी रेज़निकोव को उनके पद से बर्खास्त कर दिया गया है, यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने इसकी घोषणा की है। ओलेक्सी रेजनिकोव की जगह यूक्रेन के राज्य संपत्ति कोष चलाने वाले रुस्तम उमेरोव यूक्रेन के रक्षा मंत्री का स्थान ग्रहण करेंगे। फरवरी 2022 में रूस के पूर्ण पैमाने पर आक्रमण की शुरुआत से पहले से ही रेज़निकोव ने रक्षा मंत्रालय का नेतृत्व किया था लेकिन अपने रात्रिकालीन संबोधन में,इस फैसले की घोषणा करते हुए राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की ने कहा कि यह रक्षा मंत्रालय में 'नए दृष्टिकोण ' का समय है। यूक्रेनी राष्ट्रपति ने राजधानी कीव से अपने संबोधन में कहा, मेरा मानना है कि मंत्रालय को सेना और समाज दोनों के साथ नए दृष्टिकोण और बातचीत के अन्य प्रारूपों की आवश्यकता है।

### रूसी सेना ने कालासागर में नष्ट कर दीं चार अमेरिकी नौकाएं

**मॉस्को/वार्ता।** यूक्रेनी सशस्त्र बलों के लैंडिंग सैनिकों के साथ विलार्ड सी फोर्स की चार अमेरिकी निर्मित तेज हमला नौकाओं को रातोंरात काला सागर में नष्ट कर दिया गया, रूसी रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को यह जानकारी दी । मंत्रालय ने कहा, यूक्रेनी सशस्त्र बलों के समूह विमान केप तारखानकुट क्रीमिया तट की ओर बढ़ रहे थे तभी रूस काला सागर बेड़े के नौसैनिक विमानन के विमानों ने काला सागर के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में उनके साथ चार अमेरिकी निर्मित तेज सैन्य नौकाओं को नष्ट कर दिया।''

### नासा का स्पेसएक्स क्रू-6 पृथ्वी पर लौटा

**लॉस एंजिल्स/वार्ता।** अमेरिका की स्पेस एजेंसी नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) ने कहा कि स्पेसएक्स ड्रैगन अंतरिक्ष यान में सवार उसके स्पेसएक्स क्रू-6 अंतरिक्ष यात्री सोमवार तड़के दक्षिणपूर्वी अमेरिकी राज्य फ्लोरिडा के तट पर सुरक्षित उतर गये। चार सदस्यीय अंतरराष्ट्रीय दल, में नासा के अंतरिक्ष यात्री स्टीफन बोवेन और वुडी होबर्ग, संयुक्त अरब अमीरात के अंतरिक्ष यात्री सुल्तान अल नेयादी और रोस्कोस्मोस (रूस के राज्य अंतरिक्ष निगम) के अंतरिक्ष यात्री एंड्री फेडयेव शामिल थे। अंतरिक्ष यान अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 7:05 बजे अलग हुआ। यह मिशन दो मार्च को फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था और अगले दिन आईएसएस पर पहुंच गया। दल के सदस्य छह माह से आईएसएस पर रहकर वहां काम कर रहे थे।

05-09-2023 सूर्यास्त 6:17 बजे | 06-09-2023 सूर्योदय 5:57 बजे

| BSE | NSE |
|---|---|
| 65,628.14 | 19,528.80 |
| (+240.98) | (+93.50) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 6,200 रु. | 80,000 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

मिशन मंडेला
दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### ऐसा हो नेता

धर्म जाति अगड़ा-पिछड़ा,
अब उच्च दलित में बँटा वोट।
क्या यही स्वप्न था भारत का,
देखें हम जिसमें सदा खोट।
अपनी सत्ता के हित साधक,
चल रहे शकुनि बन कुटिल गोट।
ऐसा हो अपना नेता जो,
समदर्शी बन कर सके चोट।।

# 'महात्मा गांधी के बारे में पढ़ें युवा, उनका जीवन-दर्शन आत्मसात करें'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/वार्ता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने सोमवार को देश के नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं और बच्चों से महात्मा गांधीजी के बारे में अधिक से अधिक पढ़ने और उनके आदर्शों को आत्मसात करने की अपील की।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि गांधीजी के आदर्श और मूल्य हमारे देश एवं समाज के लिए बहुत प्रासंगिक हैं तथा उनका मार्ग ही विश्व-कल्याण और विश्व-शांति का मार्ग है।

राष्ट्रपति ने यहां गांधी दर्शन में गांधीजी की 12 फुट ऊंची प्रतिमा का अनावरण किया और परिसर में 'गांधी वाटिका' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने सभी नागरिकों, विशेष रूप से युवाओं और बच्चों से आग्रह से गांधीजी के बारे में अधिक से अधिक पढ़ने और उनके आदर्शों को आत्मसात करने की अपील करते हुए कहा कि 'इस संबंध में गांधी स्मृति, दर्शन समिति तथा ऐसी अन्य संस्थाओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है।'

राष्ट्रपति ने कहा कि गांधीवादी संस्थाएं पुस्तकों, फिल्मों, संगोष्ठियों, कार्टूनों और अन्य संचार माध्यमों के जरिए युवाओं और बच्चों को गांधीजी के जीवन की शिक्षाओं के बारे में अधिक जागरूक कर सकती हैं और गांधीजी के सपनों के भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं।

श्रीमती मुर्मु ने कहा, 'महात्मा गांधी संपूर्ण विश्व समुदाय के लिए वरदान स्वरूप हैं। उनके आदर्शों और जीवन मूल्यों ने पूरी दुनिया को एक नई दिशा दी है। उन्होंने अहिंसा का मार्ग उस समय दिखाया जब विश्व-युद्धों के कालखंड के दौरान दुनिया घृणा और द्वेष से ग्रसित थी।' उन्होंने कहा कि सत्य और अहिंसा के साथ गांधीजी के प्रयोग ने उन्हें एक महामानव का दर्जा दिया। राष्ट्रपति ने बताया कि उनकी प्रतिमाएं कई देशों में स्थापित हैं और दुनिया भर के लोग उनके आदर्शों में विश्वास करते हैं। उन्होंने नेल्सन मंडेला, मार्टिन लूथर किंग जूनियर और बराक ओबामा का उदाहरण देते हुए कहा कि कई महान नेताओं ने गांधीजी द्वारा दिखाए गए सत्य और अहिंसा के मार्ग को विश्व कल्याण का मार्ग माना। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि उनके दिखाए मार्ग पर चलकर विश्व शांति के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है।

राष्ट्रपति ने कहा कि गांधीजी ने सार्वजनिक और व्यक्तिगत जीवन में पवित्रता पर बहुत बल दिया। उनका मानना था कि नैतिक शक्ति के आधार पर ही अहिंसा के माध्यम से हिंसा का सामना किया जा सकता है।

## एक आतंकवादी मुठभेड़ में ढेर

**जम्मू/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले के सुदूर इलाके में सोमवार को मुठभेड़ के दौरान एक आतंकवादी मारा गया, जबकि एक पुलिसकर्मी घायल हो गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घायल पुलिसकर्मी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जम्मू जोन के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) मुकेश सिंह ने कहा कि संयुक्त तलाशी और घेराबंदी अभियान के दौरान यह मुठभेड़ शुरू हुई। उन्होंने कहा कि माना जा रहा है कि तुली इलाके के गली सोहाब गांव की घेराबंदी के दौरान वहां दो आतंकवादी फंस लिए। उन्होंने कहा कि इलाके में दो आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना पुलिस को मिलने पर तलाशी अभियान दोपहर में शुरू हुआ। एडीजीपी ने कहा, अब तक एक आतंकवादी मारा गया है, जबकि दूसरे को मार गिराने के प्रयास जारी हैं। मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## कांग्रेस ने बनाई 16 सदस्य केंद्रीय चुनाव समिति

**नई दिल्ली/वार्ता।** कांग्रेस ने 16 सदस्यीय केंद्रीय चुनाव समिति का गठन किया है जिसमें पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी को शामिल किया गया है।



कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि खरगे ने पार्टी में हुए चुनाव के बाद इस समिति का गठन किया है। उन्होंने बताया की समिति में खरगे, श्रीमती गांधी और राहुल गांधी के अलावा पार्टी की वरिष्ठ नेता अंबिका सोनी, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, सलमान खुर्शीद, मधुसूदन मिस्त्री, एन उत्तम कुमार रेड्डी, टी एस सिंहदेव, के जे जॉर्ज, प्रीतम सिंह, मोहम्मद जावेद, श्रीमती अम्मी याज्ञनिक, पीएल पुनिया, ओमकार मरकाम तथा के सी वेणुगोपाल को शामिल किया गया है।

## 'भारत जोड़ो यात्रा' की वर्षगांठ पर कांग्रेस करेगी 722 पदयात्राएं


नई दिल्ली/वार्ता। कांग्रेस ने कहा है कि 'भारत जोड़ो यात्रा' से पार्टी कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह पैदा हुआ है और इस यात्रा की पहली सालगिरह पर पार्टी सात सितंबर को देशभर में जिला स्तर पर 722 पदयात्राएं आयोजित करेगी जिसमें सभी बड़े नेता हिस्सा लेंगे।

कांग्रेस महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले साल सात सितम्बर को पार्टी नेता राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक ऐतिहासिक 'भारत जोड़ो यात्रा' शुरू की। देश में किसी भी राजनेता द्वारा की गई यह अब तक की सबसे लंबी पदयात्रा है।

# विक्रम लैंडर की चंद्रमा पर पुनः हुई सॉफ्ट लैंडिंग

### लैंडिंग के बाद चंद्रयान-3 के पेलोड 22 सितंबर तक हुए निष्क्रिय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेंगलूरु/भाषा।** चंद्र मिशन के 'विक्रम' लैंडर के चंद्रमा की सतह पर एक बार फिर सफलतापूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग करने के बाद भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने सोमवार को कहा कि अब चंद्रयान के पेलोड निष्क्रय हो डिए हैं। इसरो ने कहा कि सफल 'होप' परीक्षण में विक्रम लैंडर को एक बार फिर चंद्रमा की सतह पर उतारा गया और इस परीक्षण से वैज्ञानिकों को भविष्य के चंद्र मिशनों में मदद मिलेगी जहां पृथ्वी पर नमूने भेजे जा सकते हैं और इससे भी महत्वपूर्ण कि उन मानव मिशनों में मदद मिल सकती है जिनकी योजना बनाई जा रही है।

इसरो ने सोमवार को घोषणा की कि चंद्रयान-3 मिशन का विक्रम लैंडर भारतीय समयानुसार सुबह करीब आठ बजे सुप्तावस्था में चला गया। इससे पहले चास्ते, रंभा-एलपी और इलसा पेलोड द्वारा नए स्थान पर यथावत प्रयोग किए डिए। जो आंकड़े संग्रहित किए डिए, उन्हें पृथ्वी पर भेजा गया।

उसने कहा कि पेलोड को बंद कर दिया गया और लैंडर के रिसीवर को चालू रखा गया है।

इसरो ने 'एक्स' पर पोस्ट कर बताया कि कमांड मिलने पर 'विक्रम' (लैंडर) ने इंजनों को 'फायर' किया, अनुमान के मुताबिक करीब 40 सेंटीमीटर तक खुद को ऊपर उठाया और आगे 30-40 सेंटीमीटर की दूरी पर सुरक्षित लैंड किया।



## महिलाओं की सुरक्षा के लिए करने होंगे सबको प्रयास : धनखड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/वार्ता।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने महिलाओं से आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने और अपने निर्णय स्वयं लेने का आह्वान करते हुए कहा है कि नारी सुरक्षा के लिए सबको मिलकर प्रयास करने होंगे।

धनखड़ ने सोमवार को जयपुर के महारानी महिला महाविद्यालय में छात्राओं से संवाद कार्यक्रम 'राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भागीदारी' में भाग लेते हुए कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में - प्रशासन, सेना, कॉरपोरेट में सफलता के नए प्रतिमान गढ़ रही हैं। उन्होंने महिलाओं को कहा कि अपने निर्णय स्वयं लें और आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनें।

उपराष्ट्रपति ने युवाओं से अति-प्रतिस्पर्धा में नहीं पड़ने की अपील करते हुए कहा कि उन्हें अपनी रुचि के अनुसार कैरियर के चुनाव करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब वो दिन दूर नहीं जब संविधान में संशोधन करके संसद और विधान सभाओं में महिलाओं को उनका उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा। यदि महिलाओं को ये आरक्षण जल्दी मिल गया तो भारत 2047 से पहले ही विश्व शक्ति बन जायेगा।

महिला शिक्षा पर बल देते हुए धनखड़ ने कहा कि लड़के को पढ़ाने से एक परिवार ही तरक्की करता है, लेकिन यदि हम एक लड़की को पढ़ाते हैं तो कई परिवार शिक्षित होते हैं।

महिला सुरक्षा के प्रश्न पर धनखड़ ने कहा कि यह केवल सरकारी तंत्र का ही काम नहीं है बल्कि महिलाओं के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार करने में समाज, व्यक्ति और संस्थानों को मिलकर प्रयास करने होंगे।

## जी20 सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे चीनी राष्ट्रपति शी

**बीजिंग/भाषा।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग इस सप्ताह नई दिल्ली में होने जा रहे जी20 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेंगे और चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रधानमंत्री ली क्रिंग करेंगे। यहां विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह घोषणा की। चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने एक संक्षिप्त बयान में कहा कि भारत सरकार के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री ली क्रिंग नौ और 10 सितंबर को नई दिल्ली में हो रहे 18वें जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। बाद में एक नियमित प्रेस वार्ता में, माओ ने भारत की मेजबानी में पहली बार आयोजित हो रहे इस शिखर सम्मेलन से शी की अनुपस्थिति का कोई कारण नहीं बताया। माओ ने जी20 शिखर सम्मेलन में शी के शामिल नहीं होने का कारण पूछे जाने पर कहा, मैंने अभी ही यह घोषणा की है और मेरे पास जो कुछ सूचना थी, आपके साथ साझा किया है। राष्ट्रपति शी के शिखर सम्मेलन से दूर रहने के बारे में पूछे डिए एक और सवाल का जवाब देते हुए माओ ने कहा, मैं यह पहले ही बता चुकी हूं। जी20 अंतरराष्ट्रीय आर्थिक सहयोग के लिए एक प्रमुख मंच है।



## स्वीडन में फिर कुरान की प्रति जलाई गई, हुई झड़प, तीन लोग हिरासत में

**स्टॉकहोम/एपी।** स्वीडन के तीसरे सबसे बड़े शहर माल्मो में इस्लाम विरोधी प्रदर्शनकारी ने मुस्लिम धर्म ग्रंथ कुरान की एक प्रति जला दी, जिसके बाद झड़पें हुई हैं। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने पथराव किया और दर्जनों कारों को आग के हवाले कर दिया। उसने बताया कि यह घटनाक्रम रविवार को शुरू हुआ और हिंसक झड़पें बीती रात तक जारी रहीं। पुलिस ने बताया कि इस्लाम विरोधी एक कार्यकर्ता ने रविवार को कुरान की एक प्रति जला दी, जिसके बाद झड़पें शुरू हुईं। गुस्साई भीड़ ने उसे (कार्यकर्ता को) रोकने की कोशिश की। उसने बताया कि कम से कम तीन लोगों को हिरासत में लिया गया है। सोमवार तड़के एक भीड़ ने टायर जलाए और उनमें से कुछ युवाओं को माल्मो के रोजेनगार्द इलाके में उपद्रव करते देखा गया, जहां पहले भी इस तरह की झड़पें हुई हैं। वहां कुरान की प्रति जलाए जाने से संबंधित कई बैनर लगे हुए थे।

## स्विट्जरलैंड पर्यटन ने नीरज चोपड़ा को सम्मानित किया

**ज्यूरिख/भाषा।** स्विट्ज़रलैंड पर्यटन ने अपने 'मित्रता दूत' ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया है। पिछले महीने बुडापेस्ट में विश्व चैंपियनशिप में 88.17 मीटर के प्रयास के साथ 25 साल के चोपड़ा ओलंपिक और विश्व खिताब दोनों अपने नाम करने वाले सिर्फ तीसरे भाला फेंक खिलाड़ी बने। स्विट्ज़रलैंड पर्यटन में वैश्विक सझेदारी प्रमुख पास्कल प्रिंज ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, भारत के दिग्गज खिलाड़ी नीरज चोपड़ा के साथ जश्न मनाकर हम सम्मानित और खुश हैं। नीरज ने एक पूरी पीढ़ी को प्रेरित किया है। स्विट्ज़रलैंड पर्यटन में हम भारत में 'मित्रता दूत' के रूप में नीरज के साथ अपने जुड़ाव को लेकर बेहद खुश हैं।



## झूठे आरोप पर भीड़ ने ईसाई गिरजाघरों और मकानों को बनाया था निशाना : पाकिस्तान पुलिस

**पंजाब प्रांत के जरनवाला शहर में गत 16 अगस्त को भीड़ ने कम से कम 17 गिरजाघरों और करीब 100 घरों पर हमला किया गया था।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com


**मुल्तान (पाकिस्तान)/एपी।** पूर्वी पाकिस्तान में पिछले महीने तीन ईसाइयों ने व्यक्तिगत विवाद की वजह से दो अन्य लोगों के घरों के बाहर 'कुरान' के पन्ने फेंके ताकि उन्हें ईशनिंदा के झूठे मामले में फंसाया जा सके, जिसके बाद भीड़ ने गिरजाघरों और मकानों पर हमला किया था। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, हिरासत में लिए लिए तीन संदिग्धों ने राजा आमिर के घर के बाहर कुरान के पन्ने फेंकने और साजिश रचने के अपने गुनाह को कबूल लिया है।

मुसलमानों ने आमिर और उसके भाई पर कुरान की बेअदबी करने का आरोप लगाया था, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध मुख्य साजिशकर्ता परवेज कोडु को शक था कि आमिर का उसकी पत्नी के साथ संबंध है और उसे पता था कि अगर वह (कोडु) आमिर के घर के बाहर पवित्र ग्रंथ के पन्ने फेंक देगा तो बेअदबी को लेकर मुसलमान आमिर को निशाना बनाएंगे।

नाम नहीं छापने की शर्त पर अधिकारियों ने बताया कि हिरासत में लिए लिए तीनों लोगों को अब हिंसा भड़काने और आमिर व उसके भाई को ईशनिंदा के झूठे मामले में फंसाने के आरोपों का सामना करना पड़ेगा।

## रूस की मांगें पूरी होने तक अनाज की ढुलाई के लिए कोई नया समझौता नहीं होगा : पुतिन



**मास्को/एपी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि पश्चिमी देश जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं करते हैं, तब तक काला सागर के रास्ते अनाज की ढुलाई के लिए कोई नया समझौता नहीं होगा। पुतिन ने तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन के साथ सोमवार को हुई वार्ता के बाद यह घोषणा की। एर्दोआन ने यूक्रेन को अपने अनाज का सुरक्षित तरीके से निर्यात करने की अनुमति देने वाले मूल समझौते में मध्यस्थता की थी।

पुतिन ने यह भी कहा कि रूस छह अफ्रीकी देशों को मुफ्त अनाज मुहैया करने के लिए एक समझौते को अंतिम रूप देने के करीब पहुंच गया है।

## रूस ने उ. कोरिया को सैन्य अभ्यास में भाग लेने का प्रस्ताव दिया

**सियोल/एपी।** दक्षिण कोरिया की शीर्ष खुफिया एजेंसी के निदेशक के साथ सोमवार को एक बैठक के बाद एक सांसद ने दावा कि रूस ने संभवतः उत्तर कोरिया को चीन के साथ त्रिपक्षीय नौसैनिक अभ्यास में भाग लेने का प्रस्ताव दिया है। कुछ दिन पहले रूसी राजदूत ने रूसी मीडिया से कहा था कि रूस और चीन के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास में उत्तर कोरिया को शामिल करना उचित प्रतीत होता है।

## ईरान ने यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम को धीमा किया : परमाणु ऊर्जा संस्था की रिपोर्ट

**वियना/एपी।** संयुक्त राष्ट्र की परमाणु ऊर्जा संस्था की एक रिपोर्ट को देखने के बाद एसोसिएटेड प्रेस (एपी) ने सोमवार को कहा कि ईरान ने अपने यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम को धीमा कर दिया है। यह गोपनीय रिपोर्ट तब सामने आई है जब ईरान और अमेरिका एक कैदी की अदला-बदली और दक्षिण कोरिया में अरबों डॉलर की ईरानी संपत्ति को मुक्त कराने को लेकर बातचीत कर रहे हैं। यूरेनियम संवर्धन कार्यक्रम धीमा करने को एक संकेत के रूप में देखा जा सकता है कि ईरान 2015 में परमाणु समझौते के उल्लंघन के बाद अमेरिका के साथ वर्षों से चल रहे तनाव को कम करना चाहता है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा संस्थान (आईएईए) की रिपोर्ट में कहा गया कि ईरान के पास 121.6 किलोग्राम यूरेनियम है जो 60% तक संवर्धित है। यह पिछली गणनाओं की तुलना में बहुत धीमी वृद्धि है। रिपोर्ट के अनुसार, मई में 114 किलोग्राम और फरवरी में 87.5 किलोग्राम का भंडार था। यूरेनियम का 60 फीसदी संवर्धन हथियारों के निर्माण के लिहाज से काफी कम है।

## 'आप' मुफ्त चीजों पर जनता का पैसा बर्बाद करती है, मैं नहीं : सीएम मनोहर लाल



**चंडीगढ़/भाषा।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर अपनी लोकलुभावन योजनाओं पर सार्वजनिक संसाधनों को बर्बाद करने का आरोप लगाया। मनोहर लाल ने सोमवार को सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, मैं जनता के पैसों को जरूरतमंद लोगों और जनता की जरूरत के कामों में लगाता हूं। जिसकी जितनी जरूरत होती है उसकी उतनी मदद हम करते हैं.. मैं लोगों को सुविधाएं भी देता हूं और उनके स्वाभिमान का सम्मान भी करता हूं। मुझे नहीं लगता कि पैसा 'मुफ्त' है और न ही मैं इसे 'आप' की तरह अपने ऊपर खर्च करता हूं। केजरीवाल और मनोहर लाल के बीच शनिवार से सोशल मीडिया पर आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। इसके बाद सोमवार को भी हरियाणा के मुख्यमंत्री की ओर से टिप्पणी की गई।

# गडकरी का अफसरों को 3 लाख करोड़ रु. की परियोजनाओं का खाका बनाने का निर्देश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एनएचएआई और एनएचआईडीसीएल सहित अपने मंत्रालय के अधिकारियों को तत्काल कार्यान्वयन के लिए तीन लाख करोड़ रुपए तक की परियोजनाओं का रूपरेखा तैयार करने का निर्देश दिया है। मंत्री ने अधिकारियों को परियोजनाओं के कार्यान्वयन और उनसे संबंधित मुद्दों से निपटने में किसी भी तरह की देरी होने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

केंद्रीय मंत्री ने सोमवार को मंत्रालय के क्षेत्रीय अधिकारियों के प्रदर्शन के साथ-साथ भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) तथा राष्ट्रीय राजमार्ग एंड अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड (एनएचआईडीसीएल) द्वारा संचालित परियोजनाओं की समीक्षा करने के बाद ये निर्देश जारी किए। गडकरी ने अधिकारियों से एक दूसरे के साथ घनिष्ठ समन्वय व सहयोग बनाए रखते हुए भूमि अधिग्रहण के प्रस्ताव तैयार करने और निर्माण, परिचालन और स्थानांतरण (बीओटी) तथा हाइब्रिड एन्युटी (एचएएम) आधार पर दो से तीन लाख करोड़ रुपए की परियोजनाएं तुरंत लाने का निर्देश दिया।

मंत्री ने कहा कि परियोजनाओं को मंजूरी दें और उन्हें तुरंत शुरू करने का प्रयास करें ताकि वार्षिक योजना जिसमें एनएचएआई, एनएचआईडीसीएल और मंत्रालय की परियोजनाएं शामिल हैं उन पर कम बोझ पड़े।

गडकरी ने कहा, अगर काम नहीं किया गया तो मैं कार्रवाई करूंगा। उन्होंने अधिकारियों से परियोजना को पारदर्शी तथा समयबद्ध तरीके से शुरू करने को भी कहा।

अधिकारियों द्वारा की जा रही कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए गडकरी ने कहा कि क्षेत्रीय अधिकारियों तथा परियोजना निदेशकों को भी अपने स्तर पर परियोजना से संबंधित मुद्दों को निपटाने के प्रयास करने चाहिए। उन्होंने कहा, सोशल मीडिया बहुत सक्रिय है। अगर आप इनसे(मुद्दों से) ठीक ने नहीं निपटेंगे तो यह मीडिया तक पहुंच जाएगा...मैं नोटिस भेजूंगा कि यह (छपा) हुआ है...

मंत्री ने अधिकारियों से पुरानी वार्षिक योजना की परियोजनाओं की प्रगति के बारे में भी सवाल किया। पुरानी वार्षिक योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का मूल्य करीब 3.5 लाख करोड़ रुपए है।



# कांग्रेस का राहुल यान 20 साल से लांच ही नहीं हो रहा है : राजनाथ सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नीमच (मध्य प्रदेश)/भाषा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को राहुल गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस का राहुल यान 20 साल से लांच ही नहीं हो पाया है। भाजपा की 'जन आशीर्वाद यात्रा' का नीमच से हरी झंडी दिखाने आए सिंह ने कहा, कांग्रेसी समझ डिए हैं कि अकेले भाजपा को हरा नहीं सकते, इसलिए उन्होंने कई पार्टियों को मिलकर एक कुनबा (विपक्षी गठबंधन) बना लिया है और उसका नाम रख दिया 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव एलायंस)।

उन्होंने कहा, आज भारत चांद पर पहुँच गया है, मंगल ग्रह की यात्रा कर रहा है, हम सूर्य के नजदीक पहुँच रहे हैं। आज सारे विश्व में इसकी सराहना हो रही है। हम चांद और सूर्य तक पहुँच रहे हैं लेकिन कांग्रेस का 'राहुल यान' 20 साल से आज तक लांच ही नहीं हो रहा है। सिंह ने कहा, ये लोग सनातन को समाप्त करने की बात कर रहे हैं। हमारे यहां सर्प को भी दूध पिलाकर उसके दीर्घजीवी होने की कामना करते हैं। सनातन धर्म में जात, पंथ एवं धर्म के आधार पर कोई भेदभाव नहीं है, लेकिन कांग्रेस के एक घटक (द्रविड़ मुनेत्र कषगम) के नेता ने सनातन धर्म के खिलाफ जो टिप्पणी की है क्या कांग्रेस को ऐसे घटक से अलग नहीं हो जाना चाहिए?

उन्होंने देश की जनता से कहा, सनातन धर्म का विरोध करने वालों को वोट के माध्यम से मुँह तोड़ जवाब देना चाहिए। विपक्षी गठबंधन का नाम 'इंडिया' रखे जाने पर सिंह ने कहा, हम लोगों ने भी एक बार 'शाइनिंग इंडिया' का नारा दिया था.. हम लोग (लोकसभा चुनाव) हार डिए थे और आपने (विपक्षी दल) यदि 'इंडिया' का गठन कर लिया है, तो आपकी हार तय है।

हाल ही में बना विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' 28 दलों का समूह है। उन्होंने कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के नेता उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म के बारे में अपमानजनक टिप्पणी किए जाने के बाद कांग्रेस को इस पार्टी से नाता तोड़ लेना चाहिए या उसकी टिप्पणी के लिए लोगों से माफी मांगनी चाहिए।

amazon.in

## अमेजन भारत में प्रकृति-आधारित परियोजनाओं में 30 लाख डॉलर का शुरुआती निवेश करेगी

**नई दिल्ली/भाषा।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन भारत में प्रकृति आधारित परियोजनाओं में 30 लाख डॉलर का शुरुआती निवेश करेगी।

कंपनी की ओर से सोमवार को जारी बयान के अनुसार, यह निवेश कंपनी के एशिया-प्रशांत में प्रकृति आधारित परियोजनाओं के लिए 1.5 करोड़ डॉलर के कोष का हिस्सा है। बयान के अनुसार, एशिया-प्रशांत के लिए पहले आवंटन के तहत 30 लाख डॉलर का इस्तेमाल भारत में प्रकृति-आधारित परियोजनाओं में निवेश के लिए किया जाएगा। अपनी पहली परियोजना के लिए अमेजन पश्चिमी घाट में समुदायों तथा संरक्षण प्रयासों का समर्थन करने के लिए सेंटर फॉर वाइल्डलाइफ स्टडीज (सीडब्ल्यूएस) के साथ काम करेगी, जो भारत की सभी वन्यजीव प्रजातियों में से 30 प्रतिशत से अधिक का 'निवास' है। वहां दुनिया में सबसे अधिक एशियाई हाथी तथा बाघ पाए जाते हैं। अमेजन सीडब्ल्यूएस को वाइल्ड कार्बन कार्यक्रम स्थापित करने में मदद के लिए 10 लाख डॉलर भी देगी। इससे 10,000 किसानों को औषधीय पेड़ लगाने और उनके रखरखाव में सहायता मिलेगी।

## ईडी ने वेंकटेश्वर हैचरीज की 65 करोड़ रुपए की संपत्तियां जब्त की

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को कहा कि ब्रिटेन में 90 एकड़ का मकान खरीदने के लिए गैरकानूनी विदेशी रकम भेजने के आरोप में विदेशी मुद्रा प्रबंधन कानून के तहत पशुपालन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी 'वेंकटेश्वर हैचरीज प्राइवेट लिमिटेड' की 65 करोड़ रुपए से अधिक की नौ संपत्तियां जब्त की गई हैं। जो संपत्तियां जब्त की गई हैं वे महाराष्ट्र तथा कर्नाटक में स्थित हैं। ईडी विदेशी मुद्रा प्रबंधन कानून (फेमा) के प्रावधानों के तहत इस मामले की जांच कर रही है और यह मामला 'वेंकीज ओवरसीज लिमिटेड (वीओएल), ब्रिटेन' नाम से इसकी पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी को 2011 से कंपनी द्वारा यह रकम भेजे जाने से जुड़ा है। ईडी के अनुसार, इन संपत्तियों का कुल मूल्य 65.53 करोड़ रुपए है।

ईडी ने एक बयान में कहा कि वेंकटेश्वर हैचरीज प्राइवेट लिमिटेड (वीएचपीएल) ने वीओएल के कारोबार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) में कृषि (बत्तखों, मुर्गियों आदि का पालन) तथा खनन से जुड़ा बताया था। वीओएल के निगमन के बाद वीएचपीएल ने इक्विटी निवेश की आड़ में भारी रकम भेजी।

# 'सनातन धर्म' पर विवादित टिप्पणी करने वाले उदयनिधि को मंत्रिमंडल से हटाया जाएः शोभा करंदलाजे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**हैदराबाद/भाषा।** केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता शोभा करंदलाजे ने सोमवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के.स्टालिन से मांग की कि वह मंत्री उदयनिधि स्टालिन को सनातन धर्म के खिलाफ की गई टिप्पणी के लिए तत्काल अपने मंत्रिमंडल से बर्खास्त करें। उदयनिधि ने एक कार्यक्रम में कथित तौर पर कहा था कि सनातन धर्म सामाजिक न्याय के खिलाफ है और इसका उन्मूलन किया जाना चाहिए।

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री करंदलाजे ने कहा कि तमिलनाडु के युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि द्वारा की गई टिप्पणी सनातन हिंदू धर्म को 'अपमानित' करने वाली है। करंदलाजे ने संवाददाताओं से कहा, मुख्यमंत्री स्टालिन के बेटे इस तरह से बात कर रहे हैं...हमें बहुत बुरा लगा। हमारा देश धर्म और मंदिर से जुड़ा है। वह (उदयनिधि) जिम्मेदारी वाले पद पर आसीन हैं और उनके पिता मुख्यमंत्री हैं...वह क्या बोल रहे हैं? वह क्या सोचते हैं? उन्होंने मांग करते हुए कहा, स्टालिन को तत्काल उन्हें (उदयनिधि) मंत्रिमंडल से बर्खास्त कर देना चाहिए और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। केंद्रीय मंत्री हैदाराबाद में जी-20 की 'जलवायु अनुकूल कृषि' विषय पर आयोजित तकनीकी कार्यशाला में शामिल होने आई थीं। भाजपा नेता ने तमिलाडु की द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार को राज्य में कथित धर्मांतरण के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, तमिलनाडु में बड़े पैमाने पर धर्मांतरण हो रहा है और इसके पीछे कौन है... मेरा मानना है कि धर्मांतरण के पीछे राज्य सरकार है और वे सनातन धर्म को गाली दे रहे हैं एवं अपमानित कर रहे हैं। यह पूरी तरह से गलत है। इसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। करंदलाजे ने कहा कि तमिलनाडु के लोग धार्मिक हैं और नियमित तौर पर मंदिर जाते हैं।

## सेबी ने खुलासा नियमों के उल्लंघन के लिए शापूरजी पालोनजी एंड कंपनी पर जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने खुलासा नियमों का उल्लंघन करने पर शापूरजी पालोनजी एंड कंपनी पर सात लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। सेबी ने अपने आदेश में कहा कि शापूरजी पालोनजी एंड कंपनी ने मार्च, 2021 में गैर-परिवर्तनीय डिबेंख (एनसीडी) को सावधि ऋण में बदलने के लिए शेयर बाजार से पूर्व मंजूरी नहीं ली थी।

सेबी ने बृहस्पतिवार को अपने 64 पेज के आदेश में कहा कि इसके अलावा कंपनी कोष के उपयोग पर लेखा-परीक्षक का प्रमाण पत्र, परिसंपत्ति कवर के रखरखाव पर अर्धवार्षिक प्रमाण पत्र और ऋणपत्र ट्रस्टी को वार्षिक रिपोर्ट जमा करने में विफल रही। साथ ही कंपनी ने अपनी वेबसाइट पर सूचीबद्धता दायित्व और खुलासा आवश्यकता (एलओडीआर) विनियमों के तहत जरूरी कुछ जानकारी अद्यतन नहीं की थी। इस वजह से कंपनी पर सात लाख रु. का जुर्माना लगाया गया है।

# भारत के पहले सौर अन्वेषण अभियान 'आदित्य एल-1' का हिस्सा हैं केरल के चार पीएसयू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोच्चि (केरल)/भाषा।** भारत का पहला सौर अन्वेषण उपग्रह अंतरिक्ष में पहुंच गया है और केल्ट्रॉन समेत केरल के सार्वजनिक क्षेत्र के चार उपक्रम (पीएसयू) को इस गौरवशाली अभियान से जुड़ने का सौभाग्य मिला, जिन्होंने देश की इस उपलब्धि में अपना अपना योगदान किया है।

केरल राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम लिमिटेड (केल्ट्रॉन), स्टील एंड इंडस्ट्रियल फॉरगिंग्स लिमिटेड (एसआईएफएल), त्रावणकोर कोचीन केमिकल्स (टीसीसी) और केरल ऑटोमोबाइल्स लिमिटेड (केएएल) द्वारा स्वेदश विकसित एवं निर्मित विभिन्न उत्पादों का 'आदित्य एल-1' मिशन में इस्तेमाल हुआ है। पीएसयू द्वारा हासिल की गई इस उपलब्धि का राज्य के उद्योग मंत्री पी. राजीव ने एक फेसबुक पोस्ट में उल्लेख किया। मंत्री ने कहा कि केल्ट्रोन द्वारा निर्मित 38 इलेक्ट्रॉनिक मॉड्यूल का इस्तेमाल पीएसएलवी-सी57 प्रक्षेपण यान में किया गया था, जिसका इस्तेमाल आदित्य एल1 उपग्रह को अंतरिक्ष में भेजने के लिए किया गया। उन्होंने कहा कि केल्ट्रॉन ने मिशन के लिए आवश्यक विभिन्न प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक्स मॉडल के लिहाज से परीक्षण सहायता भी प्रदान की।

## सभी सेवाओं के ऑनलाइन हो जाने से अब भ्रष्टाचार की गुंजाइश नहीं: मुख्य सचिव

**श्रीनगर/भाषा।** जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिव अरुण कुमार मेहता ने कहा कि केंद्रशासित प्रदेश में सभी सेवाओं के ऑनलाइन हो जाने से अब भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा कि विभिन्न योजनाओं और मंचों से प्रणाली में पारदर्शिता आई है जिससे यह सुनिश्चित हो गया है कि सरकारी खजाने से पैसे की कोई हेराफेरी नहीं की जा सकती।

अधिकारी ने यहां 'भ्रष्टाचार मुक्त जम्मू-कश्मीर' अभियान की शुरुआत करने के बाद संवाददाताओं से कहा, हमने सभी सेवाओं को ऑनलाइन करने की पहल की है। इसका उद्देश्य भ्रष्टाचार मुक्त माहौल तैयार करना है। पहले कहा जाता था कि किसी योजना में अगर एक रुपए जारी होता है तो जमीन तक सिर्फ 10 पैसे ही पहुंचते हैं पर आज ऐसी व्यवस्था बना दी गई है कि पूरा पैसा पहुंचा है। उन्होंने कहा कि बिना प्रशासनिक मंजूरी, तकनीकी मंजूरी, ई-निविदा और भू-स्थानिक तस्वीरों के एक भी रुपए नहीं निकाला जा सकता।



# नए मानकों से 10 से 12 प्रतिशत महंगे हो सकते हैं वाणिज्यिक वाहन : रिपोर्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** कई तरह के नियामकीय प्रावधान लागू किए जाने पर वाणिज्यिक वाहनों के दाम 10-12 प्रतिशत तक बढ़ सकते हैं। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह अनुमान लगाया गया है।

रेटिंग एजेंसी इक्रा ने एक रिपोर्ट में कहा कि घरेलू वाहन उद्योग इस समय त्वरित बदलावों के दौर से गुजर रहा है जिसमें सरकार का ध्यान उत्सर्जन मानकों, सुरक्षा प्रणालियों एवं अन्य मानदंडों को लागू करने पर है। इन मानकों के जरिये भारत को अन्य प्रमुख वाहन बाजारों के समान स्तर पर लाने की योजना है।

रेटिंग एजेंसी ने कहा, भारतीय वाहन उद्योग के भीतर वाणिज्यिक वाहन खंड पर विशेष ध्यान है। इसकी वजह यह है कि वाहनों से होने वाले उत्सर्जन में वाणिज्यिक वाहनों की बड़ी हिस्सेदारी है। इसके अलावा चालक की सुविधा एवं सुरक्षा को बढ़ाने के उपाय भी लागू किए जा रहे हैं।

इक्रा के मुताबिक, बहुत कम समय में वाहन उद्योग ने सख्त उत्सर्जन मानकों को अपनाया है और चालक की सुरक्षा एवं सुविधा को बढ़ाने के लिए प्रस्तावित मानकों को भी लागू किया है। लेकिन इनकी वजह से वाणिज्यिक वाहनों की कीमतें 10-12 प्रतिशत तक बढ़ सकती हैं।

आने वाले समय में घरेलू वाहन उद्योग में कुछ अन्य नियामकीय बदलाव भी होने वाले हैं। वाणिज्यिक वाहनों के चालक के केबिन में एयर कंडीशनर को जनवरी, 2025 से अनिवार्य कर दिया गया है।

इसके अलावा आपात स्थिति में सुरक्षित ब्रेकिंग, चालक को सतर्क करने वाली प्रणाली और वाहन में आग लगने की स्थिति में अलार्म बजने जैसी प्रणालियां भी स्कूल बसों एवं शहरी परिवहन बसों में एक अक्टूबर, 2023 से लागू करने की तैयारी है।

## भागवत का बयान निरर्थक, हम भारतीय हैं, हिंदू नहीं: जमीयत प्रमुख



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रमुख मुस्लिम संगठन जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना अरशद मदनी ने 'हर भारतीय के हिंदू होने' संबंधी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत के बयान को निरर्थक करार देते हुए सोमवार को आरोप लगाया कि संघ देश में शांति, सद्भाव और भाईचारे को लेकर अपनी प्रतिबद्धता से पीछे हट गया है। जमीयत की ओर से जारी बयान मुताबिक, मदनी ने संवाददाताओं से बातचीत में विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) का समर्थन भी किया और कहा कि देश में नफरत का माहौल खत्म करने के लिए राजनीतिक बदलाव जरूरी है।

भागवत ने पिछले दिनों कहा था कि भारत एक हिंदू राष्ट्र है और सभी भारतीय हिंदू हैं तथा हिंदू सभी भारतीयों का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्होंने लोगों की अपेक्षाओं का उल्लेख करते हुए कहा था कि संघ को इस सबके बारे में सोचना चाहिए। आरएसएस प्रमुख 'दैनिक तरुण भारत' अखबार चलाने वाली कंपनी श्री नरकेसरी प्रकाशन लिमिटेड की नई इमारत 'मधुकर भवन' के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा था, हिंदुस्तान एक 'हिंदू राष्ट्र' है और यह एक सच्चाई है। वैचारिक रूप से, सभी भारतीय हिंदू हैं और हिंदू का मतलब सभी भारतीय हैं।

## जम्मू-कश्मीर में सच बोलना गुनाह हो गया है : मुफ्ती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**श्रीनगर/भाषा।** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने कहा कि अनुच्छेद-370 हटाए जाने के बाद जम्मू-कश्मीर में सच बोलना गुनाह हो गया है और सही बात कहने पर सजा हो सकती है। जम्मू-कश्मीर पुलिस द्वारा बीबीसी को कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दिए जाने पर पीडीपी प्रमुख की यह प्रतिक्रिया आई है। पुलिस ने यह चेतावनी बीबीसी को 'कोई भी खबर आपकी आखिरी हो सकती है : कश्मीर के प्रेस पर भारत की कार्रवाई' शीर्षक वाली रिपोर्ट को लेकर दी है। यह रिपोर्ट पूर्ववर्ती राज्य जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में पत्रकारिता की स्थिति पर है। महबूबा ने 'एक्स' (पूर्व में ट्वीटर) पर पोस्ट में कहा, 2019 से जम्मू-कश्मीर में सच बोलना न केवल गुनाह हो गया है, बल्कि सही बात कहने पर सजा भी हो सकती है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, बीबीसी की यह रिपोर्ट केवल कड़वी सच्चाई को सामने लाती है जो एसआईए (राज्य अन्वेषण एजेंसी) सहित अन्य एजेंसियों के लिए भी एक समस्या है।

## सरकार आईडीबीआई बैंक की बिक्री के लिए मूल्यांकन नियुक्त करेगी

**नई दिल्ली/भाषा।** सरकार आईडीबीआई बैंक की परिसंपत्तियों का मूल्यांकन करने और रणनीतिक विनिवेश में मदद करने के लिए एक परिसंपत्ति मूल्यांकक को नियुक्त करने पर विचार कर रही है। सरकार एलआईसी के साथ मिलकर आईडीबीआई बैंक में लगभग 61 प्रतिशत हिस्सेदारी बेच रही है और इसके लिए उसे कई रुचि पत्र (ईओआई) मिले हैं। सरकार और रिजर्व बैंक इस समय बोलियों की जांच कर रहे हैं। बोली लगाने वालों को बोली प्रक्रिया के दूसरे चरण में जाने के लिए सरकार और आरबीआई से जरूरी मंजूरी लेनी होंगी।

# ऐसी ताकत है जिसका समय आ गया है व उसे कोई नहीं रोक सकता: भारत की डीपीआई पर राजीव चंद्रशेखर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि वैश्विक सहयोग और सभी के लिए समान विकास के भारत के आह्वान के साथ-साथ परिवर्तनकारी डिजिटलीकरण को लेकर उसके प्रदर्शन की चर्चा दुनिया भर में है। उन्होंने विश्वास जताया कि भारत की जी20 की अध्यक्षता मजबूत संदेशों को रेखांकित करती है जो एक अमिट छाप छोड़ेगी।

नई दिल्ली में 9-10 सितंबर को होने वाले जी20 नेताओं के शिखर सम्मेलन से पहले 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक साक्षात्कार में चंद्रशेखर ने भारत के डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर (डीपीआई) को एक ऐसी ताकत बताया जिसे अब कोई रोक नहीं सकता।

मंत्री ने कहा कि इसका समय आ गया है और अब इसे कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि डीपीआई पर भारतीय दृष्टिकोण पुराने सामान्य रुख को खत्म करता है, जो इस क्षेत्र पर हावी होने वाली बड़ी तकनीकी कंपनियों को लेकर था। वह नए सामान्य के लिए मार्ग प्रशस्त करता है, जो मुक्त स्रोत, कर्मठ, उपभोक्ता-संचालित और गैर-मध्यस्थ है। चंद्रशेखर ने कहा, जब एक अरब से अधिक भारतीय इसका इस्तेमाल कर रहे हों, तो इसका विरोध कौन कर सकता है?

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री यहां देश के भुगतान, पहचान और अन्य मंचों का जिक्र कर रहे थे, जिन्होंने पहले ही हस्ताक्षरित कई समझौता ज्ञापनों के साथ कई देशों का ध्यान आकर्षित किया है। भारत अपने डीपीआई को प्रत्येक नागरिक के लिए एक मुख्य स्रोत के रूप में विकसित कर रहा है।

चन्द्रशेखर ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के समूह जी20 के वर्तमान अध्यक्ष के रूप में भारत का संदेश सभी के लिए त्वरित, समावेशी और लचीले विकास के बारे में रहा है। मंत्री ने कहा कि भारत के आम कल्याण तथा वैश्विक व्यापक आर्थिक स्थिरता के लिए सहयोग की ओर वैश्विक ध्यान आकर्षित करने के साथ, उसका (भारत का) दृष्टिकोण तथा विश्वास उसकी जी20 अध्यक्षता तक ही सीमित नहीं है। उन्होंने कहा कि साथ ही भारत ने इस बात पर भी जोर दिया कि दुनिया भर में प्रौद्योगिकी, नवाचार और युवा बल की शक्ति वैश्विक भविष्य को आकार देगी। च्रंद्रशेखर ने कहा कि भारत ने जिम्मेदार तरीके से जी20 की अध्यक्षता की और विश्व हित को हमेशा निजी स्वार्थ से ऊपर रखा है।

# मुंबई : अपार्टमेंट में मृत पाई गई फ्लाइट अटेंडेंट, पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया

**मुंबई/भाषा।** मुंबई के एक अपार्टमेंट में 24 वर्षीय महिला फ्लाइट अटेंडेंट मृत पाई गई, जिसके बाद पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मृतका की पहचान छत्तीसगढ़ की रहने वाली रूपल ओगरे के रूप में हुई है, जो एयर इंडिया के प्रशिक्षण के लिए अप्रैल में मुंबई आई थी। उन्होंने बताया कि रूपल अंधेरी के मरोल इलाके में कृष्णलाल मारवाह मार्ग पर एनजी कॉम्पलेक्स के एक फ्लैट में रविवार देर रात मृत पाई गई।

अधिकारी ने बताया कि पोवाई पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का एक मामला दर्ज कर लिया है और अपराधियों की धरपकड़ के लिए कई टीमें बनाई हैं। पुलिस के मुताबिक, जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि महिला अपनी बहन और उसके पुरुष मित्र के साथ फ्लैट में रहती थी लेकिन आठ दिन पहले दोनों ही अपने-अपने घर चले डिए थे। पुलिस ने उन्हें घटना की सूचना दे दी है।

# विरोधी दलों के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों के खिलाफ प्रतिशोध की भावना रखती है भाजपा सरकार : स्टालिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने सोमवार को केंद्र की भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार पर विरोधी दलों के नेतृत्व वाली राज्य सरकारों के खिलाफ प्रतिशोध की भावना रखने और उनकी संप्रभुता को नष्ट करने का आरोप लगाया। पॉडकास्ट श्रृंखला 'स्पीकिंग फॉर इंडिया' के अपने पहले संबोधन में उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अपनी कठोर गतिविधियों के माध्यम से पूरे देश को तबाह करने का प्रयास कर रही है।

द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (द्रमुक) अध्यक्ष ने अपने भाषण में कहा, सामाजिक न्याय, धर्मनिरपेक्ष राजनीति, समाजवाद, समानता, सामाजिक सद्भाव, राज्यों की स्वायत्तता, संघवाद, विविधता में एकता जैसे पहलू जिस भारत में अपनी पूरी महिमा के साथ पनपते हैं वही असली भारत है। एक अद्वितीय भारत। उन्होंने कहा, 'मौजूदा भाजपा नीत केंद्र सरकार, विरोधी दलों वाले राज्य सरकारों के खिलाफ सिर्फ प्रतिशोध की भावना से काम कर रही है। वे सिर्फ और सिर्फ राज्य सरकारों की संप्रभुता को नष्ट करना चाहते हैं, उन राज्य सरकारों को जो जनता के कल्याण के लिए सीधे जिम्मेदार हैं।' उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों के गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस यानी इंडिया' का गठन उन पहलुओं पर भारत को फिर से खड़ा करने के लिए किया गया है, जिन पर वह फलता-फूलता था। उन्होंने कहा कि इंडिया' गठबंधन देश को बचाने जा रहा है। पटना, बेंगलूरु और मुंबई में आयोजित गठबंधन की बैठकों के संदर्भ में स्टालिन ने कहा, अगर हमें समूचे भारत को मणिपुर और हरियाणा बनने से रोकना है तो 'इंडिया' गठबंधन को जीताना ही होगा। ये राज्य दुर्भाग्यवश भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति और नफरत फैलाने वाली नीतियों का शिकार हुए हैं। उन्होंने कहा, चलिए एक बहु-सांस्कृतिक और विविध भारत का निर्माण करें। चलें भारत को बचाएं। इसके लिए सबसे पहले भारत की बात करें। उन्होंने कहा कि यह अकेले एम के स्टालिन की नहीं बल्कि 'इंडिया' की आवाज है। उन्होंने कहा, 'सुनिश्चित करें कि मेरी आवाज भारत में हर एक आवाज बने। चलिए 'इंडिया' को असली विजेता बनाएं।'

स्टालिन ने दावा किया कि भाजपा भारत के मूल ढांचे को नुकसान पहुंचाने और एकता की भावना को नष्ट करने की कोशिश कर रही है, जिसे भारतीयों ने इतने लंबे समय तक संजोया और संरक्षित किया है। उन्होंने कहा कि 2014 में सत्ता में आई भाजपा अपने चुनाव पूर्व वादों को पूरा करने में विफल रही, विशेष रूप से विदेशों में जमा काले धन को वापस लाने, हर भारतीय को 15 लाख रुपये देने, हर साल 2 करोड़ लोगों को रोजगार की गारंटी देने, किसानों की आय दोगुनी करने, हर भारतीय के लिए घर सुनिश्चित करने और देश को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने जैसी जन कल्याण योजनाओं के संबंध में। उन्होंने कहा, भाजपा शासन के जल्द ही 10 साल होने जा रहे हैं और उनमें से एक भी वादा पूरा नहीं किया गया है।

द्रमुक नेता ने दावा किया कि गुजरात मॉडल के जरिए सत्ता में आया 'नरेन्द्र मोदी मॉडल' अब खत्म होने जा रहा है और उसके पास अपना कहने के लिए कोई महत्वपूर्ण मॉडल नहीं है। उन्होंने कहा, यह दिशाहीन मॉडल बन गया है और कभी मशहूर रहे गुजरात मॉडल के बारे में भी अब कोई बड़े-बड़े दावे नहीं किए जा रहे हैं, खासकर तब जब हमने तमिलनाडु में द्रविड़ियन मॉडल की उपलब्धियों को आंकड़ों के सबूत के साथ गिनाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह देखना निराशाजनक है कि कैसे भारत के मजबूत सार्वजनिक क्षेत्र को केंद्र सरकार द्वारा बर्बाद किया जा रहा है। उन्होंने कहा, यह स्पष्ट है कि वे सार्वजनिक क्षेत्र को अपने कॉर्पोरेट मित्रों को हस्तांतरित करने के लिए अपनी शक्ति का दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने अपने भाषण में कहा, 'पूरे देश का कल्याण कुछ लोगों के कल्याण तक सीमित हो गया है।' मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि पूरे भारत में हवाई अड्डे और बंदरगाह निजी कंपनियों के हाथों में जा रहे हैं। उन्होंने दावा कि केंद्र की भाजपा सरकार अपनी सभी कमियों को छिपाने के लिए धर्म को अपने हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है और लोगों की धार्मिक भावनाओं को भड़का रही है।

## संवेदनाएं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



सोमवार तिरुनेलवेली के उत्तरी जिले में तमिलनाडु भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष के अन्नामलाई ने पार्टी के महासचिव जगन पांडियन के आवास का दौरा किया, जिनकी द्रमुक द्वारा हत्या कर दी गई थी। उन्होंने उनकी मां और परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। वहां संवाददाताओं से बात करते हुए अन्नामलाई ने कहा कि उदय स्टालिन के सनातन धर्म के उन्मूलन के बयान पर उदयनिधि स्टालिन सहित मंत्री वीर मणि एवं पीके शेखर बाबू को 10 सितम्बर तक इस्तीफा देना होगा। अगर वे इस्तीफा नहीं देते हैं तो पूरे राज्य में विरोध प्रदर्शन शुरु किए जाएंगे

# इसरो की वैज्ञानिक वलारमथी का दिल का दौरा पड़ने से निधन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** चंद्रयान 3 में अपनी आवाज देने वाली भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की सुप्रसिद्ध वैज्ञानिक वलारमथी का दिल का दौरा पड़ने से चेन्नई में निधन हो गया। वह 64 साल की थीं। वैज्ञानिक वलारमथी ने श्रीहरिकोटा में रॉकेट लॉन्च की उलटी गिनती के लिए अपनी आवाज थी। लॉन्चिंग के करीब दो महीने बाद उनका शनिवार रात दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया।

वैज्ञानिक वलारमथी का जन्म तमिलनाडु के अरियालुर में 31 जुलाई, 1959 को हुआ था। उन्होंने कोयंबटूर में गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ़ टेक्नोलॉजी से इंजीनियरिंग में स्नातक करने से पहले निर्मला गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ाई की। सुश्री वलारमथी 1984 में इसरो में शामिल हुईं और उन्होंने अपने पद पर कार्यरत रहते हुए, कई अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने ट्वीट किया, 'एन वलारमथी जी के निधन के बारे में सुनकर दुख हुआ, जो चंद्रयान 3 सहित कई इसरो लॉन्च काउंटडाउन के पीछे की आवाज थीं। उनके परिवार और दोस्तों के प्रति मेरी संवेदनाएं।' शांति।' उल्लेखनीय है कि 14 जुलाई को चंद्रयान-3 श्रीहरिकोटा से सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से लॉन्च किया गया था और 23 अगस्त को इसका लैंडर मॉड्यूल (एलएम) चंद्रमा की सतह पर उतरा। भारत दुनिया का पहला ऐसा देश बन गया है जिसने चंद्रयान-3 को चंद्रमा की दक्षिणी ध्रुव पर लैंडिग करवाई।

# उदयनिधि स्टालिन बोले - मैंने नरसंहार की बात नहीं कही, बल्कि सनातन धर्म के उन्मूलन का आह्वान किया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** 'सनातन धर्म' के 'उन्मूलन' के आह्वान पर आलोचना का सामना कर रहे तमिलनाडु के मंत्री और द्रमुक युवा विंग के सचिव उदयनिधि स्टालिन ने रविवार को कहा कि वह अपने बयान पर कायम हैं और स्पष्ट किया कि नरसंहार की बात नहीं कही, बल्कि सनातन धर्म के उन्मूलन का आह्वान किया है।

मुख्यमंत्री और द्रमुक प्रमुख एम.के. स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने रविवार शाम को एक बयान में कहा कि वह लगातार कहते रहेंगे कि सनातन धर्म को खत्म कर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म कुछ ऐसा है, जो स्थायी है और परिवर्तनीय नहीं है, जबकि द्रविड़ विचारधारा परिवर्तन का प्रचार करती है और द्रविड़ अवधारणा में हर कोई समान है, कोई भेदभाव नहीं है। सनातन धर्म ने लोगों को जातियों में बांट रखा है, जो मानवता के लिए हितकर नहीं है।

उन्होंने कहा कि हालांकि कुछ लोग उनकी बात को घुमाकर यह कहने की बचकाना हरकत कर रहे हैं कि उन्होंने सनातन धर्म में विश्वास करने वाले लोगों के नरसंहार का आह्वान किया था। उदयनिधि स्टालिन ने कहा कि कुछ लोग कह रहे थे कि द्रविड़म को खत्म कर दिया जाना चाहिए और सवाल किया कि क्या इसका मतलब द्रमुक के कार्यकर्ताओं को मार दिया जाना है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नियमित रूप से 'कांग्रेस मुक्त भारत' का आह्वान करते हैं, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि सभी कांग्रेस नेताओं को मार दिया जाए।उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा तथ्यों को तोड़-मरोड़ रही है और झूठ फैला रही है 'जो उसकी नियमित आदत रही है।' करुणानिधि परिवार के युवा वंशज ने यह भी कहा कि भाजपा इंडिया गठबंधन से डर गई है और मुद्दे को भटकाने और झूठी कहानी फैलाने की कोशिश कर रही है। उदयनिधि स्टालिन ने यह भी कहा कि वह भाजपा और भगवा गठबंधन द्वारा किसी भी परिणाम का सामना करने के लिए तैयार हैं और उन्हें धमकियों से डराया नहीं जा सकता।

## 'टीडीएस आउटरीच'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत




सोमवार को चेन्नई में संयुक्त आयकर आयुक्तालय, टीडीएस रेंज-3 और चमड़ा निर्यात परिषद के सहयोग सीएलई के सदस्यों के लाभ के लिए एक आयकर-टीडीएस आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें टीडीएस आयकर आयुक्त एम मुरली, और संयुक्त आयकर आयुक्त अर्जुन माणिक के नेतृत्व में हाइब्रिड संस्करण के तहत काउंसिल फॉर लेदर एक्सपोर्ट्स, नुंगमबक्कम में इसका आयोजन किया गया।

# बिहार में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और उनके बेटे के खिलाफ अदालत में याचिका दायर की गई

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/मुजफ्फरपुर।** सनातन धर्म के संबंध में कथित रूप से आपत्तिजनक टिप्पणियां करने को लेकर सोमवार को एक अदालत में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन और उनके बेटे उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ एक याचिका दायर की गई। मुजफ्फरपुर में एक अधिवक्ता सुधीर कुमार ओझा ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पंकज कुमार लाल की अदालत के समक्ष उक्त याचिका दायर की है जिसमें आरोप लगाया गया कि उदयनिधि ने अपनी टिप्पणियों से हिन्दुओं की भावनाओं को चोट पहुंचाई है। पहले भी कई लोगों के खिलाफ याचिकाएं दायर कर चुके ओझा ने स्टालिन और उनके पुत्र उदयनिधि के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की प्रासंगिक धाराओं के तहत मुकदमा चलाने का अनुरोध किया है। अदालत ने मामले की सुनवाई की अगली तारीख 14 सितंबर निर्धारित की है।

उदयनिधि स्टालिन ने पिछले हफ्ते सनातन धर्म की तुलना डेंगू, मलेरिया और कोरोनवायरस से करते हुए कहा था कि इसे भी नष्ट किया जाना चाहिए। इस टिप्पणी पर देश भर के भाजपा नेताओं ने कड़ी आपत्ति जताई गई थी और उनमें से कुछ नेताओं ने उदयनिधि के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा चलाने की भी मांग की थी।



# तमिलनाडु में शराबियों ने एक परिवार के चार लोगों की हत्या की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु के तिरुपुर जिले के पल्लदम के समीप कल्लाकिनारु गांव में रविवार रात चार शराबियों ने एक परिवार के दो महिलाओं समेत चार सदस्यों की हत्या कर दी।

पुलिस ने कहा कि भाजपा के एक पदाधिकारी सेंथिलकुमार (47) ने अपनी जमीन के पिछवाड़े शराब पी रहे लोगों को वहां से चले जाने के लिए कहा। इससे नाराज शराबियों में से एक ने उस पर दरांती से हमला कर दिया। सेंथिलकुमार के परिवार के सदस्य मोहनराज, रतिनंबल और पुष्पावती उसके बचाव में आए और उन्होंने सभी की बेरहमी से हत्या कर दी। बाद में पुलिस ने एक हमलावर को गिरफ्तार किया और हत्या में शामिल तीन अन्य लोगों की तलाश जारी है। गांव में तनाव का माहौल देखते हुए और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए नामकल, इरोड, कोयंबटूर और तिरुप्पुर जिलों से बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। पांच जिलों के पुलिस अधीक्षकों सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी गांव में डेरा डाले हुए हैं। स्थानीय लोगों के साथ मृतकों के परिवार ने सभी दोषियों को गिरफ्तार किए जाने तक शव लेने से इनकार कर दिया और पल्लादम में अस्पताल के सामने विरोध प्रदर्शन किया। घटना के विरोध में जिले और उसके आसपास के क्षेत्र में लगभग राज्य के स्वामित्व वाली टीएएसएमएसी की 25 शराब की दुकानों को बंद कर दिया गया। भाजपा और अन्नाद्रमुक सहित कुछ राजनीतिक दलों ने हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया।

विपक्षी दल अन्नाद्रमुक ने भी इस घटना की निंदा की और कहा कि इससे पता चलता है कि राज्य में कानून व्यवस्था बिगड़ गई है। हत्याओं की निंदा करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ चुकी है और उन्होंने इस घटना के लिए सत्तारूढ़ द्रमुक को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि तमिलनाडु में कानून-व्यवस्था की सिथिति खराब है। भ्रष्टाचार में लिप्त द्रमुक तमिलनाडु को एक अराजक राज्य में बदलने के लिए जिम्मेदार है। भाजपा के एक पदाधिकारी और उसके परिवार के सदस्यों की कल रात बेरहमी से हत्या कर दी गई क्योंकि उन्होंने शराबियों को अपने पिछवाड़े में शराब पीने पर आपत्ति दर्ज की थी। जबकि मुख्यमंत्री एमके स्टालिन और उनका बेटा धार्मिक घृणा को बढ़ावा देने में व्यस्त हैं, राज्य इस भ्रष्ट राजवंश को चुनने की कीमत चुका रहा है।

# संसदीय चुनावों से पहले या बाद में गिर जाएगी कर्नाटक की 'कांग्रेस सरकार'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**शिवमोग्गा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं कर्नाटक के पूर्व उपमुख्यमंत्री के.एस. ईश्वरप्पा ने कहा है कि कर्नाटक में कांग्रेस सरकार या तो 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले या उसके बाद गिर जाएगी। ईश्वरप्पा ने यहां संवाददाताओं से कहा, कांग्रेस पार्टी राज्य में बड़ी खबर बना रही है। वे कह रहे हैं कि भाजपा के आधे विधायक उनकी पार्टी में आएंगे, लेकिन एक भी भाजपा विधायक कांग्रेस में नहीं गया। कांग्रेस की स्थिति देखिए। मैं आपको बता रहा हूं, कर्नाटक में कांग्रेस सरकार संसदीय चुनाव से पहले या बाद में में गिर जाएगी।

उन्होंने ये टिप्पणी कांग्रेस सरकार द्वारा भाजपा और केंद्र सरकार की नीतियों की आलोचना के मद्देनजर की हैं। ईश्वरप्पा के दावों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कर्नाटक कांग्रेस के प्रवक्ता रमेश बाबू ने कहा कि यह भाजपा की साजिश है। केंद्र में अपने शासन के पिछले नौ वर्षों में भाजपा ने अन्य दलों के 450 विधायकों को खरीदा है। उन्होंने कहा, इस तरह का बयान भाजपा नेताओं द्वारा कई बार दिया गया है। कर्नाटक में उन्होंने एक्सवाईजेड के नाम से एक जनहित याचिका दायर की है, जिसमें दावा किया गया है कि कांग्रेस पार्टी द्वारा दी गई गारंटी कानून के प्रावधानों के अनुसार नहीं है। उन्होंने कांग्रेस पार्टी के खिलाफ किसी तरह की साजिश रच रहे हैं।'

उन्होंने आरोप लगाया, भाजपा न्यायपालिका का उपयोग अपने गुप्त एजेंडे के लिए करना चाहती है। केंद्र में नौ साल के शासन में उन्होंने अन्य दलों के 450 से अधिक विधायक खरीदे हैं। कांग्रेस पार्टी को लोकतंत्र में विश्वास है और वह भाजपा की साजिशों के खिलाफ लड़ेगी। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी ऐसा कोई बयान नहीं देगी। हमें लोकतंत्र में विश्वास है। हमें अपने विधायकों पर विश्वास है। हम अपनी विचारधारा में विश्वास करते हैं, इसलिए निश्चित रूप से कांग्रेस पार्टी भाजपा के खिलाफ लड़ने जा रही है।

# बेंगलूरु टेक समिट ने अगले तीन संस्करणों की तारीखों का हुआ खुलासा




सोमवार को बेंगलूरु में बेंगलूरु टेक सम्मिट के उद्घाटन समारोह में इंटरैक्टिव सत्र के दौरान मुख्यमंत्री सिद्दरामैया, उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, मंत्री प्रियांक खरगे, विभाग सचिव डॉ. एकरूप कौर और अन्य।

**बेंगलूरु।** बेंगलूरु टेक समिट के अगले तीन संस्करणों की तारीखों की घोषणा कर्नाटक सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी, ग्रामीण विकास और पंचायत राज मंत्री, श्री प्रियांक खरगे द्वारा की गई। बेंगलूरु टेक समिट (बीटीएस 2023) का 26 वां संस्करण 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक बेंगलूरु के बेंगलूरु पैलेस में आयोजित होने वाला है। अगले दो संस्करणों की तारीखों की भी घोषणा की गई: 2024 और 2025 दोनों वर्ष इसका आयोजन 19-21 नवंबर को किया जाएगा। अंतर्राष्ट्रीय तकनीकी संगठनों को पहले से ही अपनी भागीदारी की योजना बनाने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए 2024 और 2025 की घटना की तारीखों की घोषणा जल्दी की गई थी। यह सहयोग के माध्यम से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय सीमाओं को पार करते हुए, क्षेत्र के विकास के लिए कर्नाटक की निरंतर प्रतिबद्धता का एक प्रमाण है।

प्रेस वार्ता से पहले, एक कार्यक्रम में कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने अग्रणी आईटी, सेमीकंडक्टर और इलेक्ट्रॉनिक्स और बायोटेक संगठनों के 100 से अधिक सीईओ के साथ बातचीत की। इस 2 घंटे की नाश्ता बैठक में उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार, आईटी मंत्री, बीटी मंत्री प्रियांक खरगे, विज़न ग्रुप ऑन बायोटेक्नोलॉजी की अध्यक्ष डॉ. किरण मजूमदार शॉ और विज़न ग्रुप ऑन इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी के अध्यक्ष क्रिस गोपालकृष्णन आदि उपस्थित थे। इस परिचर्चा में आगामी बीटीएस 2023 की पृष्ठभूमि पर सरकार और तकनीकी नेतृत्व के बीच खुली बातचीत को सक्षम बनाया, और आगे का रास्ता बनाते हुए कर्नाटक के संपन्न तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र और पर ध्यान केंद्रित किया गया।

नैसकॉम, आईईएसए, टीआईई और एबीएलई जैसे प्रमुख उद्योग संघों द्वारा बातचीत की सुविधा प्रदान की गई। 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक भव्य बेंगलूरु पैलेस में बेंगलूरु टेक समिट 2023 समारोह को नजदीक आने के साथ ही शहर एक बार फिर दुनिया को भारत की प्रौद्योगिकी ताकत दिखाने और वैश्विक तकनीकी समुदाय के साथ जुड़ने के लिए तैयार है। प्रेस मीट को बायोटेक्नोलॉजी पर विजन ग्रुप की चेयरपर्सन डॉ. किरण मजूमदार-शॉ ने भी संबोधित किया; बी.वी. नायडू , अध्यक्ष, कर्नाटक डिजिटल इकोनॉमी मिशन के अध्यक्ष बी.वी. नायडू, सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी, जैव प्रौद्योगिकी और विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग सचिव डॉ. एकरूप कौर, सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क ऑफ इंडिया-बेंगलूरु के निदेशक शैलेन्द्र त्यागी, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईटी, बीटी विभाग, और प्रबंध निदेशक, किट्स के निदेशक दर्शन एचवी आदि उपस्थित थे। इस सम्मिट में 30 से अधिक देशों के 400 से अधिक वक्ता 75 से ज्यादा सत्र में संबोधित करेंगे। इसमें 3000 से अधिक प्रतिनिधि, 2000 से अधिक स्टार्टअप्प, 600 प्रदर्शक रहेंगे। इसमें 50 हजार से अधिक लोगों के आने की संभावना है।

# कूड़े के ढेर में मिले 30 कुत्तों के शव

**चेन्नई।** चेन्नई के मदमबक्कम में एक कूड़े के ढेर में 30 आवारा कुत्तों के शव पाए गए हैं। रविवार को सुबह की सैर पर निकले स्थानीय निवासियों ने कुत्तों के शव देखे। उन्होंने कूड़े के ढेर के पास दूध से भरा एक कटोरा भी देखा और यह संदेह है कि किसी ने कुत्तों को दूध में जहर मिलाकर पिलाया होगा। क्षेत्राधिकारी सेलायूर पुलिस स्टेशन को सूचित करने के बाद उसी दिन कुत्तों के शवों को दफना दिया गया। पुलिस ने अभी तक इस संबंध में शिकायत दर्ज नहीं की है। पुलिस ने कहा कि वे तांबरम निगम के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग को सूचित करेंगे। पशु प्रेमियों और संगठनों ने लोगों से सड़क पर कुत्तों की समस्या के बारे में अधिकारियों और गैर सरकारी संगठनों को सूचित करने की अपील की है।



# विपक्षी गठबंधन को सनातन धर्म के अपमान के लिए क्षमा मांगनी चाहिए : राजनाथ सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जैसलमेर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सनातन धर्म पर द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी को लेकर विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' पर हमला बोलते हुए कहा कि इसमें शामिल लोगों को सनातन धर्म के अपमान के लिये क्षमा मांगनी चाहिए। उन्होंने सवाल किया कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अशोक गहलोत जैसे कांग्रेस नेता इस मुद्दे पर 'मौन'क्यों हैं।

उन्होंने कहा कि विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस (इंडिया) में शामिल लोगों को सनातन धर्म के अपमान के लिये क्षमा मांगनी चाहिए, नहीं तो यह देश उन्हें माफ नहीं करेगा।

उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि चंद्रयान तो चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतर गया, लेकिन 'राहुलयान' न तो लॉन्च हो सका और न ही लैंड कर सका। जैसलमेर में भाजपा की 'परिवर्तन यात्रा' के तीसरे चक्र की शुरुआत पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि द्रमुक ने सनातन धर्म को चोट पहुंचाई है, लेकिन कांग्रेस चुप्पी साधे हुए है।

उन्होंने कहा, मैं अशोक गहलोत से कहना चाहता हूं .. आप क्यों नहीं बोलते.. क्यों नहीं सोनिया जी बोलतीं.. क्यों नहीं राहुल जी बोलते हैं, क्यों नहीं खरगे बोलते कि सनातन धर्म के बारे में आपकी सोच क्या है। उन्होंने कहा कि सनातन धर्म का जहां तक सवाल है.. इसे केवल धर्म के साथ जोड़कर नहीं देखा जा सकता। उन्होंने कहा, सनातन धर्म.. यह सनातन सदैव नूतन है.. चिर पुरातन है.. ना इसका कोई जन्म है ना कोई अंत है और यह सनातन धर्म ऐसा है जो पूरे विश्व को अपना परिवार मानता है। 'वसुधैव कुटुंबकम' का संदेश यदि कोई धर्म देता है, तो यह सनातन धर्म ही देता है।

सिंह ने कहा कि 'इंडिया' नाम बहुत खतरनाक है। उन्होंने कहा, हम लोगों ने भी एक बार 'शाइनिंग इंडिया' का नारा दिया था.. हम लोग हार गये थे और आपने (विपक्षी दल) यदि 'इंडिया' का गठन कर लिया है, तो आपकी हार तय है.. पक्की है। उन्होंने राजस्थान की कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत चालक की सीट पर बैठे हैं, लेकिन 'क्लच' कोई अन्य व्यक्ति दबा रहा है तो गाड़ी का एक्सीलेटर कोई और दबा रहा है।



# रक्षा मंत्री ने सनातन धर्म पर उदयनिधि की टिप्पणियों को लेकर विपक्ष पर निशाना साधा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जैसलमेर। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सनातन धर्म पर द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणियों को लेकर सोमवार को विपक्ष पर निशाना साधा और सवाल किया कि इसपर कांग्रेस नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और अशोक गहलोत चुप क्यों हैं? राजस्थान में भाजपा की परिवर्तन संकल्प यात्रा के तीसरे दौर की शुरूआत पर जैसलमेर के रामदेवरा में जनसभा को संबोधित करते हुए रक्षा मंत्री ने राहुल गांधी पर भी कटाक्ष किया। उन्होंने कहा, चंद्रयान तो चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर सफलतापूर्वक उतर गया लेकिन 'राहुलयान' न तो लॉन्च हो सका और न ही लैंड हो सका।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन के पुत्र उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणियों पर सिंह ने कहा, मैं (राजस्थान के मुख्यमंत्री) अशोक गहलोत से कहना चाहता हूं... आप क्यों नहीं बोलते.. क्यों नहीं सोनिया जी बोलतीं.. क्यों नहीं राहुल जी बोलते.. क्यों नहीं (कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन) खरगे बोलते कि सनातन धर्म के बारे में आपकी सोच क्या है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने कहा कि द्रमुक नेता ने सनातन धर्म को चोट पहुंचायी है और कांग्रेस इसपर चुप्पी साधे बैठी है।

रक्षा मंत्री ने कहा विपक्षी गठबंधन में जितने लोग शामिल हैं उन्हें सनातन धर्म के अपमान के लिये क्षमा मांगनी चाहिए नहीं तो यह देश किसी भी सूरत में उन्हें माफ नहीं करेगा। सिंह ने कहा कि द्रमुक नेता से उनकी टिप्पणियों पर स्पष्टीकरण मांगा जाना चाहिए। उन्होंने कहा, सनातन धर्म.. यह सनातन नित नूतन है.. चिर पुरातन है.. ना इसका कोई जन्म है ना कोई अंत है। पूरे विश्व को अपना परिवार मानते हुए वसुधैव कुटुंबकम का संदेश यदि कोई धर्म देता है तो यह सनातन धर्म ही देता है।

उन्होंने कहा कि यह सनातन धर्म है जिसमें चींटी को आटा और सांप को दूध पिलाकर उनकी लंबी उम्र की कामना की जाती है। तमिलनाडु के युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि ने आरोप लगाया है कि सनातन धर्म समानता और सामाजिक न्याय के खिलाफ है और इसे खत्म किया जाना चाहिए। उन्होंने सनातन धर्म की तुलना कोरोनोवायरस, मलेरिया और डेंगू बुखार से की और कहा कि ऐसी चीजों का विरोध नहीं किया जाना चाहिए बल्कि नष्ट किया जाना चाहिए।

सिंह ने विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा, विपक्षी गठबंधन इसलिये हुआ है कि मोदी जी की किसी भी सूरत में सत्ता में वापसी ना हो.. लेकिन गठबंधन की हालतक्या है.. इनकी हालत है नाम बड़ा और दर्शन छोटा.. नाम तो 'इंडिया' रख लिया है लेकिन मैं उनको बताना चाहूंगा कि यह नाम बहुत खतरनाक है। उन्होंने कहा, अगर कोई गठबंधन है तो वह देश के सम्मान और स्वाभिमान को बढ़ाने के लिए होना चाहिए। लेकिन यह गठबंधन इसलिए हुआ है है ताकि मोदी को किसी भी हालत में सत्ता में नहीं आने दिया जाए। राजनाथ ने कहा, हमलोगों ने भी एक बार शाइनिंग इंडिया का नारा दिया था.. हमलोग हार गये थे और आपने (विपक्ष गठबंधन) यदि 'इंडिया' बना लिया आपकी हार निश्चत है.. पक्की है। भाजपा नीत राजग ने 2004 के लोकसभा चुनाव में 'इंडिया शाइनिंग' का नारा दिया था लेकिन उसे हार का सामना करना पड़ा। राजनाथ ने भारत के मंगलयान, चंद्रयान और आदित्य-एल1 जैसे अंतरिक्ष अभियानों का जिक्र करते हुए कहा कि वैज्ञानिकों ने देश को गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि भारत चांद पर पहुंच गया है, सूर्ययान लॉन्च किया गया है।

उन्होंने आरोप लगाया, 'कांग्रेस दबे स्वर में इस पर भी सवाल उठाने की कोशिश करती है, लेकिन जब देश का मूड देखती है तो चुप्पी साध लेती है।' उन्होंने कहा कि चंद्रयान लॉन्च किया गया और सफलतापूर्वक लैंड किया गया लेकिन 20 साल तक 'राहुलयान' न तो लॉन्च किया जा सका और न ही लैंड किया जा सका। रक्षा मंत्री सिंह ने राजस्थान में कांग्रेस पर हमला किया, जहां इस साल के अंत में चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी 'हिंदू-मुस्लिम' मुद्दे और 'पिछड़ों' का हवाला देकर राज्य में समर्थन हासिल करने की कोशिश कर रही है।

## पूजा



रामदेवरा में सोमवार को वसुंधरा राजे विधिवत मंत्रोच्चार के साथ पीरों के पीर बाबा राम सा पीर की पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की।

# ट्रक और कार की भिडंत में दो महिलाओं समेत तीन की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में सिरोही जिले के आबूरोड सदर थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक ट्रक और कार की टक्कर होने से कार सवार दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत गई और दो अन्य लोग घायल हो गये। थानाधिकारी प्रवीण आचार्य ने बताया कि हनुमान टेकरी के पास हुई ट्रक और कार की टक्कर में कार चालक हीरालाल (35) की मौके पर ही मौत हो गई तथा दो महिलाओं लीला बाई (65) और प्राची (19) ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि दो अन्य घायलों को पालनपुर रेफर किया गया है। उन्होंने बताया कि कार में सवार पुणे निवासी लोग सिरोही के शिवगंज से अहमदाबाद जा रहे थे।

# अहमदाबाद-पटना विशेष यात्री गाड़ी के 3 फेरे निरस्त

कोटा। वाराणसी स्टेशन पर नान-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण कोटा होकर जाने वाली गाड़ी संख्या 09417/09418 अहमदाबाद-पटना -अहमदाबाद को जाने वाली विशेष यात्री गाड़ी का दोनों दिशाओं में तीन-तीन फेरे को निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। यह विशेष यात्री गाड़ी 11, 18 एवं 25 सितम्बर को अहमदाबाद से एवं 12, 19 एवं 26 सितम्बर को पटना से निरस्त रहेगी। यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए खेद व्यक्त किया लेकिन कहा कि विकास के लिए कार्य किया जाना आवश्यक है।



# 'ऊंटों के संरक्षण के लिए कार्ययोजना तैयार की जाए'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पशुपालन विभाग के प्रमुख शासन सचिव विकास एस. भाले की अध्यक्षता में सोमवार को यहां पशुपालन विभाग के सभागार में राज्य पशु ऊंट की घटती संख्या एवं ऊंट पालकों की आर्थिक स्थिति के संबंध में बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में प्रमुख शासन सचिव भाले ने राज्य पशु ऊंट की घटती हुई संख्या पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि हमारी आर्थिक स्थिति पशुपालन पर निर्भर है। ऊंट हमारा राज्य पशु है और इनकी कम होती संख्या हमारे लिए चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि ऊंटों के संरक्षण के लिए कार्ययोजना तैयार की जायें। उन्होंने बैठक में सभी प्रतिभागी विचार विमर्श के बाद कार्यवाही करने लायक कुछ निष्कर्ष बिंदु निकालें जिस पर राज्य सरकार निर्णय ले सके। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन में राजस्थान देश में पहले स्थान पर है अब हमें इसके प्रसंस्करण पर ध्यान देना है।

इस अवसर पर पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. भवानी सिंह राठौड़ ने कहा कि राजस्थान की अर्थव्यवस्था में ऊँटों का विशेष स्थान रहा है लेकिन राजस्थान में वर्ष 1983 में ऊँटों की संख्या 7.56 लाख की तुलना में वर्ष 2019 में इनकी संख्या घटकर 2.13 लाख रह गयी। राजस्थान ही नहीं देश भर में ऊँटों की संख्या में 37 प्रतिशत की कमी आई है, जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने बताया कि ऊँटों की घटती संख्या और ऊँटपालकों की गिरती आर्थिक स्थिति के समाधान पर विचार विमर्ष एवं मंथन के लिए विभाग द्वारा एक दिवसीय बैठक का आयोजन किया जा रहा है।

बैठक में पशुपालन विभाग के अतिरिक्त निदेशक प्रकाशचन्द्र भाटी ने राजस्थान के परिदृश्य पर अपनी प्रस्तुति देते हुए कहा कि राज्य के अधिकतर जिलों में वर्ष 2019 में ऊँटों की संख्या में कमी आई है। उन्होंने ऊँटों के संरक्षण के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी संभागियों को अवगत कराया। भाटी ने कहा कि नई पीढ़ी को ऊँटों के संरक्षण में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। कैमल सफारी के जरिए टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा सकता है। इससे ऊँटपालन को व्यवसाय के रूप में अपनाने में मदद मिल सकती है। अतिरिक्त निदेशक डॉ नवीन मिश्रा ने उष्ट्र कल्याण योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

सहजीवन संस्थान गुजरात की श्रीमती कविता ने भी अपनी प्रस्तुति देते हुए कहा कि ऊंटनी के दुग्ध व्यवसाय को लेकर राज्य नीति का निर्माण होना चाहिए। बैठक को राष्ट्रीय उष्ट्र अनुसंधान केंद्र के निदेशक डॉ साहू, राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ.एन एम.सिंह ने भी संबोधित किया।

# राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित हुई राज्य स्तरीय कार्यशाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




जयपुर। निदेशालय महिला अधिकारिता महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जयपुर के झालाना संस्थानिक क्षेत्र स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में सोमवार को राजस्थान मिशन-2030 से संबंधित राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में महत्वपूर्ण रूप से हितधारकों ने कई रचनात्मक सुझाव दिए।

महिला एवं बाल विकास शासन सचिव जितेंद्र कुमार उपाध्याय ने राज्यस्तरीय कार्यशाला में उपस्थित महिला संगठनों, स्वैच्छिक संगठनों के महिला एवं पुरुष प्रतिनिधियों, महिला उद्यमियों, यू एन संस्थाओं के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि जिस उत्साह से आप सब की ओर से जो सहभागिता की जा रही, निश्चित रूप से आपके महत्वपूर्ण सुझावों के आधार पर मिशन 2030 के तहत विकसित राजस्थान बनाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग का एक बेहतरीन विजन डॉक्युमेंट तैयार करने में हम कामयाब होंगे।

आयुक्त महिला अधिकारिता रेनू जयपाल ने स्वागत उद्बोधन में विभागीय उपलब्धियों से अवगत कराते हुए सब हितधारकों से सकारात्मक सुझाव देने के लिए आवाहन किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के विजन अनुसार राजस्थान को अग्रणी प्रदेश बनाने में हमारे विभाग का विजन डाक्यूमेंट तैयार करने हेतु रचनात्मक सुझाव अत्यधिक महत्वपूर्ण है। श्रीमती प्रीति माथुर अतिरिक्त निदेशक महिला अधिकारिता ने प्रस्तुतीकरण में बताया कि महिला अधिकारिता विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में काम करने के लिए राजस्थान राज्य महिला नीति 2021 जारी की गई है। जिसमें लैंगिक समानता शिक्षा और प्रशिक्षण, आर्थिक विकास, सामाजिक विकास, महिलाओं और किशोरियों की सुरक्षा को संबोधित करने की दिशा में काम करने के लिए रन नीतियां बनाई गई हैं। यह नीति सतत विकास लक्ष्यों को 2030 तक प्राप्त करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अतिरिक्त निदेशक ने राजस्थान राज्य की महिला नीति के आधार पर योजनाएं एवं सतत विकास लक्ष्यों पर प्रकाश डालते हुए इंदिरा महिला शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना, इंदिरा महिला शक्ति कौशल संवर्धन व प्रशिक्षण योजना, शिक्षा सेतु योजना, आई एम शक्ति उड़ान योजना, मुख्यमंत्री वर्क फ्रॉम होम जॉब वर्क योजना, मुख्यमंत्री राजयोजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह एवं अनुदान योजना, महिलाओं के संरक्षण हेतु योजनाएं जैसी वन स्टॉप सेंटर / सखी केंद्र, महिला हेल्पलाइन, महिला सुरक्षा एवं सलाह केंद्र, इसी प्रकार आर्थिक सशक्तिकरण के लिए अमृता हॉट आदि योजनाओं की जानकारी दी।

# भाजपा का सवाल, क्या सनातन धर्म को निशाना बनाने का फैसला विपक्षी गठबंधन की मुंबई बैठक में हुआ था?

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सनातन धर्म पर द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता उदयनिधि स्टालिन की टिप्पणी को लेकर सोमवार को विपक्ष पर अपना हमला तेज करते हुए कांग्रेस से सवाल कि क्या 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) ने धर्म को निशाना बनाने के लिए मुंबई में बैठक की थी।

पार्टी ने विपक्षी नेताओं को आगाह किया कि वे हिंदू भावनाओं के साथ ना खेलें। पूर्व केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि उन्होंने (उदयनिधि) जो कहा है, वह चौंकाने वाला और शर्मनाक है। उन्होंने कहा कि उदयनिधि द्वारा अपने बयान को दोहराया जाना और भी हतप्रभ करने वाला है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम, जिनके पिता और पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम भ्रष्टाचार के एक मामले में मुकदमे का सामना कर रहे हैं, वह भी उदयनिधि के बयान का बचाव कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे, नीतीश कुमार, ममता बनर्जी जैसे विपक्षी नेता चुप क्यों हैं? क्या आप वोटों के लिए हिंदू भावनाओं के साथ खेल रहे हैं? उन्हें पता होना चाहिए कि सैकड़ों साल का इस्लामी शासन सनातन धर्म को खत्म नहीं कर सका और ब्रिटिश साम्राज्यवाद इसे कमजोर नहीं कर सका। प्रसाद ने कहा कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक एक घोषित सनातनी हैं। केंद्रीय विधि व न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने विपक्षी दलों पर निशाना साधा और कांग्रेस



से पूछा कि क्या 'इंडिया' ने सनातन धर्म के खिलाफ अपने एजेंडे को अंतिम रूप देने और उसे पूरे देश में समाप्त करने के लिए मुंबई में बैठक की थी। उन्होंने कांग्रेस नेता के सी वेणुगोपाल पर धर्म के खिलाफ जहर उगलने का आरोप लगाते हुए कहा, क्या यह आपकी मोहब्बत की दुकान है। एक अन्य केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल ने आरोप लगाया कि सनातन धर्म पर हमला मुंबई में विपक्षी दलों की बैठक के दौरान तय की गई साजिश का हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि 'मंदिरों में फोटो खिंचवाने वालों' की चुप्पी बयां कर रही है, चाहे वह राहुल गांधी हों या अरविंद केजरीवाल। भाजपा नेताओं की यह प्रतिक्रिया तमिलनाडु के युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन के उस बयान के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि 'सनातन धर्म' समानता और सामाजिक न्याय के खिलाफ है और इसका उन्मूलन किया जाना चाहिए।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना कोरोना वायरस, मलेरिया, और डेंगू के बुखार से करते हुए कहा था कि ऐसी चीजों का विरोध नहीं करना चाहिए, बल्कि उन्मूलन किया जाना चाहिए। केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने विपक्षी गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि 'घमंडिया गठबंधन' के नेताओं में भारत की सभ्यता, मूल आस्था, सनातन धर्म और हिंदू धर्म को गाली देने, कोसने और अपमानित करने की एक प्रतियोगिता सी शुरू हो गई है। उन्होंने कहा कि तीन बैठकों के बाद भी विपक्षी गठबंधन अपना संयोजक और नेता तय नहीं कर सका है, लेकिन 'सनातन धर्म' को 'नीचा दिखाने' की उन्होंने नीति जरूर तय कर ली है।

## सोनोवाल ने विजाग अंतरराष्ट्रीय क्रूज टर्मिनल का किया उद्घाटन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**विशाखापत्तनम/भाषा।** पोत परिवहन मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने सोमवार को विशाखापत्तनम बंदरगाह पर विजाग इंटरनेशनल क्रूज टर्मिनल (वीआईसीटी) और 333 करोड़ रुपए की कुछ और परियोजनाओं का उद्घाटन किया। क्रूज़ टर्मिनल के अलावा उन्होंने एक 'कवर्ड स्टोरेज शेड, विश्वस्तरीय ट्रक पार्किंग टर्मिनल और एक पुनर्निर्मित बर्थ (ओआर-1 बर्थ) का उद्घाटन किया। भंडारण शेड 84,000 टन थोक और बैग में रखे इिए कार्गो को संभालने के लिए सुसज्जित है।

इसी तरह ट्रक पार्किंग टर्मिनल 666 वाहनों को समायोजित कर सकता है और दुकानों और अन्य सुविधाओं के



साथ-साथ 100 बिस्तरों वाले छात्रावास जैसी अन्य सुविधाएं भी प्रदान करता है। सोनोवाल ने कहा, हमने विशाखापत्तनम बंदरगाह पर चार महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन किया है, जिससे मौजूदा बंदरगाह सुविधाएं बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि क्रूज़ टर्मिनल एक समय में 2,000 यात्रियों को संभाल सकता है और इस बंदरगाह शहर को भविष्य में क्रूज़ हब (क्रूज केन्द्र) के रूप में विकसित किया जाएगा। सोनोवाल ने कहा कि 2030 तक इसे नौ लाख से अधिक यात्रियों को संभालने में सक्षम बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय पर्यटक शामिल होंगे।

मंत्री के अनुसार, सात अरब डॉलर से अधिक के बाजार आकार वाले भारत के लिए क्रूज पर्यटन बहुत बड़ा अवसर प्रदान करता है।



## कम सिंचाई वाले क्षेत्रों में नागफनी रोपण को बढ़ावा दिया जाएगा : गिरिराज सिंह

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा है कि बंजर भूमि को पुन: उपजाऊ बनाने, आजीविका बढ़ाने के साथ-साथ जैव ईंधन के उत्पादन की संभावना तलाशने के लिए कम सिंचाई वाले क्षेत्रों में नागफनी (कैक्टस) के रोपण को बढ़ावा देने पर सरकार विचार कर रही है। सिंह ने 'पीटीआई-भाषा' को यह भी बताया कि राजस्थान के हिंगोनिया में इस्कॉन गौशाला के आसपास 'स्पाइनलेस कैक्टस' लगाने की एक पायलट परियोजना वर्तमान में कार्यान्वित की जा रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत का लगभग 30 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र बंजर भूमि की श्रेणी में है। सिंह ने कहा, हम बंजर भूमि को उपजाऊ बनाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं और नागफनी एक ऐसा पौधा है जो बहुत कम सिंचाई के साथ उग सकता है। यह जमीन में कार्बन को सोखने के लिए भी जाना जाता है और ऊर्जा वाला पौधा है जिसका उपयोग मीथेन के उत्पादन के लिए किया जा सकता है...। उन्होंने कहा, इसलिए हम ऐसे क्षेत्रों में कैक्टस के बागान लगाने की योजना बना रहे हैं। एक पायलट परियोजना जयपुर के पास (हिंगोनिया में) शुरू की है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के तहत भू संसाधन विभाग को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाई) के 'वाटरशेड डेवलपमेंट शेड' के माध्यम से बंजर भूमि को उपजाऊ भूमि की श्रेणी में लाने का काम सौंपा गया है।

## बाराबंकी में बहुमंजिला मकान ढहा, तीन लोगों की मौत, 10 जख्मी

**बाराबंकी (उत्तर प्रदेश)/भाषा।** जिले के फतेहपुर क्षेत्र में सोमवार तड़के एक बहुमंजिला इमारत गिरने से उसके मलबे में दबकर तीन लोगों की मौत हो गई जबकि 10 अन्य जख्मी हो इिए। पुलिस ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि जिले के फतेहपुर कस्बे में आज तड़के करीब सवा तीन बजे तीन मंजिल एक मकान अचानक ढह गया, जिसके मलबे में 16 लोग दब इिए। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से 13 लोगों को बाहर निकाल कर अस्पताल पहुंचाया जहां उपचार के दौरान रोशनी बानो (22) और हकीमुद्दीन (28) की मौत हो गई। वहीं, करीब 11 घंटे बाद मलबे से करीब 27 वर्षीय एक अज्ञात युवक का शव निकाला गया है। उन्होंने बताया कि कस्बे में तीन मंजिला मकान ढहने के आठ घंटे बीतने के बाद भी बचाव कार्य जारी है।

### बालासोर ट्रेन हादसा

## अब तक भी नहीं हो पाई 28 शवों की पहचान

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के बाहानगा बाजार रेलवे स्टेशन के पास दुखद ट्रेन दुर्घटना के तीन महीने बीत जाने के बाद भी 28 यात्रियों के शवों की पहचान नहीं हो पाई है। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

एम्स (भुवनेश्वर) के चिकित्सा अधीक्षक दिलीप परिदा ने बताया कि शवों को विशेष फ्रीजर में रखा गया है तथा उन्हें और अधिक समय तक संरक्षित रखा जा सकता है। उन्होंने कहा, हमें लगता है कि कोई और दावेदार सामने नहीं आएगा क्योंकि पिछले 10 दिन में कोई नहीं आया है। अधिकारी ने बताया कि उच्च अधिकारियों से निर्देश मिलने के बाद शवों को सीबीआई को सौंप दिया जाएगा क्योंकि अब मामले की जांच उसी के हाथ में है।

अधिकारी ने बताया कि एम्स भुवनेश्वर में दो चरणों में 162 शवों को पहुंचाया गया। उन्होंने बताया कि उनमें से 28 शव अज्ञात हैं और इनकी पहचान के लिए अब तक कोई नहीं आया है। उन्होंने कहा, हमने दिल्ली में केंद्रीय फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोलिशाला में डीएनए का मिलान करने के बाद शवों को दावेदारों को सौंपा था। अब भी 28 शव हमारे पास हैं। हम आगे की प्रक्रिया के लिए रेल मंत्रालय से निर्देश का इंतजार कर रहे हैं। पीड़ितों की पहचान के लिए अब तक 100 से अधिक डीएनए नमूने आनुवंशिक परीक्षण के लिए भेजे जा चुके हैं। बालासोर जिले के बाहानगा बाजार रेलवे स्टेशन के पास दो जून को तीन ट्रेनों की टक्कर में कम से कम 295 लोगों की जान चली गई थी और 1,200 से अधिक घायल हो इिए थे।

# अब न्योता मिलने पर भी जन आशीर्वाद यात्रा में नहीं जाउंगी : उमा भारती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री उमा भारती ने सोमवार को मध्य प्रदेश में एक दिन पहले शुरू की गई पार्टी की जन आशीर्वाद यात्रा में आमंत्रित नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त की। प्रदेश में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं।

मध्य प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने 'एक्स' पर लिखा है, मुझे जन आशीर्वाद यात्रा के प्रारंभ में निमंत्रण नहीं मिला। यह सच्चाई है मैंने ऐसा कहा है। लेकिन निमंत्रण मिलने या ना मिलने से मैं छोटी या



बड़ी नहीं हो जाउंगी। हां अब यदि मुझे निमंत्रण दिया गया तो मैं कहीं नहीं जाऊंगी। ना प्रारंभ में, ना 25 सितंबर के समापन समारोह में।?

भारतीय जनता पार्टी नेता ने हालांकि यह भी कहा, मेरे मन में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति सम्मान एवं उनके मन में मेरे प्रति स्नेह की डोर अटूट मजबूत है। शिवराज जी जब और जहाँ मुझे चुनाव प्रचार करने के लिए कहेंगे मैं उनका मान रखते हुए उनकी बात मानकर चुनाव प्रचार कर सकती हूँ।

भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने रविवार को चित्रकूट से पार्टी की जन आशीर्वाद यात्रा को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया है। भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश में पांच अलग-अलग स्थानों से यात्राएं निकाल रही है, जिसका समापन 25 सितंबर को राज्य की राजधानी भोपाल में कार्यकर्ता महाकुंभ के साथ होगा, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हो सकते हैं। जन आशीर्वाद यात्राओं के दौरान भाजपा विशाल जनसभाओं के माध्यम से लोगों तक पहुंचेगी और केंद्र तथा राज्य की कल्याणकारी योजनाओं और उनकी उपलब्धियों को बताएगी।

भारती ने कहा, जिनके खून पसीने से यह भारतीय जनता पार्टी बनी है मैं उन लोगों में से हूँ। पार्टी का कभी नुकसान नहीं करूँगी। उन्होंने कहा, जो मैंने कल कही, यह (बात) किसी ठेस या आक्रोश से नहीं निकली। जब भोपाल के बंसल अस्पताल में मेरे चेकअप हुए और तब मैंने सरकारी एवं प्राइवेट अस्पतालों में जमीन-आसमान का अंतर पाया तथा सरकारी एवं निजी शिक्षा में भी यही अंतर है और तभी से मैंने कहना शुरू किया।

## हिमंत ने असम से आफस्पा को पूरी तरह से हटाने को लेकर शाह से चर्चा की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने सोमवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से सोमवार को मुलाकात की और इस दौरान राज्य से सशस्त्र बल विशेषाधिकार अधिनियम (आफस्पा) को पूरी तरह से हटाने की रूपरेखा पर चर्चा की।

शर्मा ने कहा कि कहा कि गृह मंत्री के सुझावों के आधार पर उनकी सरकार आगे कदम उठाएगी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स (पूर्व में ट्वीटर)' पर पोस्ट किया, मैंने असम से सशस्त्र बल विशेष अधिकार अधिनियम को पूरी तरह से हटाने की रूपरेखा पर चर्चा करने के लिये माननीय केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह जी से उनके आवास पर आज मुलाकात की। असम सरकार केंद्रीय गृह मंत्री के सुझावों के आधार पर आगे कदम उठाएगी। विवादित आफस्पा अधिनियम-1958 सशस्त्र बल कर्मियों



को अशांत क्षेत्रों में तलाशी लेने, किसी को गिरफ्तार करने और 'लोक व्यवस्था कायम' रखने के लिये जरूरी होने पर गोली चलाने की व्यापक शक्तियां देता है। सशस्त्र बलों के लिए कार्रवाई को सुविधाजनक बनाने के वास्ते आफस्पा के तहत किसी क्षेत्र या जिले को अशांत क्षेत्र के रूप में अधिसूचित किया जाता है। सशस्त्र बलों को दी गई व्यापक शक्तियों के कारण, कई संगठनों ने इस अधिनियम को 'कठोर' करार दिया है और इसे रद्द करने की मांग कर रहे हैं। पिछले महीने गुवाहाटी में 77वें स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा फहराते हुए मुख्यमंत्री ने कहा था कि उनकी सरकार इस साल के अंत तक पूरे राज्य से एएफएसपीए हटाने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी।

## पश्चिम बंगाल: बांग्लादेश की सीमा के पास 8.5 करोड़ रुपए के सोने के बिस्कुट बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**कल्याणी (पश्चिम बंगाल)/भाषा।** भारत-बांग्लादेश सीमा से सटे पश्चिम बंगाल के नादिया जिले में एक घर से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) तथा राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने 8.5 करोड़ रुपए की कीमत के सोने के बिस्कुट बरामद किए हैं जिनका वजन 14.296 किलोग्राम है। बीएसएफ ने बताया कि इस मामले में घर के मालिक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। खुफिया सूचना पर कार्रवाई करते हुए बीएसएफ और डीआरआई के अधिकारियों ने शनिवार रात एक अभियान चलाया जिसमें अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट विजयपुर गांव में एक घर से 106 सोने के बिस्कुट बरामद किए इिए। बीएसएफ के अनुसार, गिरफ्तार किए इिए दोनों तस्करों ने पूछताछ के दौरान बताया कि उन्हें शनिवार सुबह दो बांग्लादेशियों से सोने के बिस्कुट मिले थे, जिन्हें उसी जिले के दूसरे सीमावर्ती गांव में गेडे नामक व्यक्ति को सौंपना था। हालांकि, सीमा पर जवानों की कड़ी निगरानी के कारण उनका तस्करी का प्रयास विफल हो गया और उन्हें मजबूरी में सोने को घर में रखना पड़ा।

# केंद्रीय एजेंसियां देशभर में कारोबारियों को परेशान कर रहीं : ममता बनर्जी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को कहा कि केंद्रीय एजेंसियां देश भर में कारोबारियों को परेशान कर रही हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वे उनके परिवार को तंग कर रही हैं, जबकि उन्होंने (ममता ने) किसी से एक कप चाय तक नहीं पी है।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ने इसे राजनीतिक प्रतिशोध बताया, लेकिन किसी राजनीतिक दल का नाम नहीं लिया। उन्होंने रियल एस्टेट सम्मेलन 'स्टेटकॉन 2023' को संबोधित करते हुए कहा, प्रतिशोध पूरा होने तक यह जारी



रहेगा। ममता ने कहा, कभी-कभी कुछ लोग आपको परेशान कर सकते हैं। लेकिन ऐसा केवल आपके साथ नहीं हो रहा है। कमजोर मत बनिए, एजेंसियों द्वारा सभी कारोबारियों को परेशान किया जा रहा है। यहां तक कि मेरे परिवार को भी परेशान किया गया, जबकि मैंने एक पैसा भी नहीं लिया है, ना ही अपने जीवन में किसी से एक कप चाय तक पी है। यह राजनीतिक प्रतिशोध है। उन्होंने कहा, यदि आपके साथ कुछ होता है तो आपको कानूनी कदम उठाना चाहिए। ममता ने आरोप लगाया कि मीडिया का एक वर्ग विकास नहीं होने और सिर्फ साम्प्रदायिक हिंसा होने की बात कह राजनीतिक दबाव के तहत बंगाल की छवि खराब करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा, यह राज्य में मौजूद स्थिति से ठीक उलट है...मैं नहीं जानती कि कुछ राजनीतिक दलों के निर्देश पर क्यों मीडिया का एक वर्ग हमेशा ही यह कहकर बंगाल को बदनाम करने की कोशिश करता है कि यहां कोई विकास नहीं हुआ है और केवल सांप्रदायिक हिंसा हुई है। यह सरासर गलत है।

मुख्यमंत्री ने कहा, आप देख सकते हैं कि बंगाल जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पहले स्थान पर है। हम कारोबार को आसान बनाने के मामले में पहले नंबर पर हैं।

## भारत में उपयोग किए इिए कोविड के टीकों का दिल का दौरा पड़ने से कोई संबंध नहीं: अध्ययन

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत में इस्तेमाल किए इिए कोविड-19 के टीकों-- कोविशील्ड एवं कोवैक्सीन और दिल का दौरा पड़ने का खतरा बढ़ने के बीच कोई संबंध नहीं है। एक अध्ययन में यह दावा किया गया है, जिसमें इन टीकों के सुरक्षात्मक प्रभाव पर जोर दिया गया है। हाल में पीएलओएस पत्रिका में प्रकाशित अध्ययन में, दिल का दौरा पड़ने से होने वाली मृत्यु पर कोविड-19 टीकाकरण के प्रभाव का आकलन किया गया है।

अध्ययन में, दिल्ली के गोविंद वल्लभ पंत अस्पताल में अगस्त 2021 और अगस्त 2022 के बीच भर्ती 1,578 लोगों से एकत्र आंकड़ों का उपयोग किया गया। इनमें से करीब 1,086 (68.8 प्रतिशत) का कोविड-19 टीकाकरण हुआ था, जबकि 492 (31.2 प्रतिशत) को यह टीका नहीं लगा था। टीकाकरण किए इिए समूह में, 1047 (96 प्रतिशत) को टीके की दो खुराक दी गई थी, जबकि 39 (चार प्रतिशत) को केवल एक खुराक दी गई थी।

गोविंद वल्लभ पंत अस्पताल से संबद्ध एवं अध्ययन का नेतृत्व करने वाले मोहित गुप्ता ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, हमारे अध्ययन में यह पाया गया कि भारत में टीकों का इस्तेमाल सुरक्षित है। भारत में टीकाकरण का दिल का दौरा पड़ने से कोई संबंध नहीं है। असल में, अध्ययन में यह पाया गया कि टीकाकरण करवा चुके व्यक्तियों को दिल का दौरा पड़ने के बाद उनकी मौत होने की संभावना कम है। अध्ययन के लेखकों ने कहा है कि टीकों के किसी भी दुष्प्रभाव का भारत जैसे घनी आबादी वाले देश में भयावह प्रभाव पड़ सकता है।

## विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' से घबराई सरकार, हम समय पूर्व चुनाव के लिए भी तैयार: कांग्रेस



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने सोमवार को दावा किया कि सरकार विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के गठन एवं इसकी बैठकों से पूरी तरह घबरा गई है और इसलिए वह 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' तथा समय पूर्व चुनावों के बारे में सोच रही है। पार्टी के संगठन महासचिव के सी वेणुगोपाल ने यह भी कहा कि कांग्रेस समय पूर्व लोकसभा चुनाव समेत किसी भी राजनीतिक परिस्थिति का सामना करने के लिए तैयार है।

यह पूछे जाने पर कि क्या कांग्रेस समय पूर्व चुनाव की स्थिति के लिए तैयार है, तो वेणुगोपाल ने कहा, हम किसी भी चीज़ के लिए तैयार हैं। आज का दौर ऐसा है कि हम कुछ भी होने की उम्मीद कर सकते हैं और इसलिए हमारी पार्टी किसी भी चीज के लिए तैयार है। वे जल्दी चुनाव चाहते हैं, इसका मतलब है कि वे 'इंडिया' गठबंधन के गठन और हमारी तीन बैठकों के बाद घबरा इिए हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक राष्ट्र, एक चुनाव' के विषय पर कहा, एक राष्ट्र, एक चुनाव संविधान संशोधन के बिना असंभव है।

### कांग्रेस में अपनी पार्टी का विलय कर सकती हैं शर्मिला: सूत्र

**नई दिल्ली/भाषा।** वाईएसआर तेलंगाना पार्टी (वाईएसआरटीपी) की नेता वाईएस शर्मिला जल्द अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर सकती हैं। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों का यह भी कहना है कि शर्मिला 17 सितंबर को तेलंगाना में होने वाली कांग्रेस की विशाल रैली में भी शामिल हो सकती हैं। शर्मिला से संबंधित सवाल पर कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा, शर्मिला जी ने कांग्रेस संसदीय दल प्रमुख सोनिया गांधी और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी से मुलाकात की है। यह बहुत अच्छी बैठक थी। मुझे लगता है कि उन्होंने खुद मीडिया से इस बारे में बात की थी। बाकी प्रतीक्षा करें और देखें। शर्मिला ने दो सितंबर को कहा था कि साथ काम करने या संभावित विलय पर कांग्रेस पार्टी के साथ उनकी बातचीत अंतिम चरण में है। देश की सबसे पुरानी पार्टी में वाईएसआरटीपी के विलय की अटकलों के बीच शर्मिला ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पिछले दिनों मुलाकात की थी।

# प्रौद्योगिकी तक समान पहुंच के लिए लोकतंत्र, जनसांख्यिकी, विविधता को तकनीकी बदलाव से जोड़ा जाए : प्रधान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने 'प्रौद्योगिकी एवं शिक्षकों' को एक साथ लाने की जरूरत को रेखांकित करते हुए सोमवार को कहा कि भारत के लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और विविधता को तकनीकी बदलाव के साथ जोड़ा जाना चाहिए, ताकि प्रौद्योगिकी पूरे समाज के लिए समतुल्य बन जाए। प्रधान ने शिक्षा मंत्रालय, कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय और मेटा के बीच 3 साल की साझेदारी शिक्षा से उद्यमिता: छात्रों, शिक्षकों और उद्यमियों की एक पीढ़ी का सशक्तिकरण की शुरुआत की।

मेटा के तहत ही फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंच संचालित होते हैं और यह (मेटा) इनका मूल संगठन है। शिक्षा मंत्रालय के अनुसार, मेटा और राष्ट्रीय उद्यमिता लघु व्यवसाय विकास संस्थान





(एनआईईएसबीयूडी), अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीबीएसई) के बीच 3 आशय पत्रों (एलओआई) का आदान-प्रदान किया गया। धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि आज शुरू की गई पहल भारत को दुनिया की कौशल राजधानी बनाने और हमारी अमृत पीढ़ी को सशक्त बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को आगे बढ़ाने के लिए है। शिक्षा से उद्यमिता' साझेदारी एक गेम-चेंजर (स्थिति बदलने वाली) है, जो डिजिटल कौशल निर्माण को जमीनी स्तर तक ले जाएगी। शिक्षा मंत्री ने कहा कि यह हमारी प्रतिभाओं की क्षमताओं का निर्माण करेगा, छात्रों, युवाओं, कार्यबल और सूक्ष्म-उद्यमियों को भविष्य की प्रौद्योगिकियों के साथ सहजता से जोड़ेगा और अमृत पीढ़ी को नए युग के समस्या समाधानकर्ताओं और उद्यमियों में बदल देगा। उन्होंने कहा कि भारत के लोकतंत्र, जनसांख्यिकी और विविधता को प्रौद्योगिकी रूपांतरण से जोड़ा जाना चाहिए, ताकि प्रौद्योगिकी पूरे समाज के लिए समतुल्य बन जाए।

## असम में बाढ़ की स्थिति में सुधार, कोई नया क्षेत्र नहीं डूबा

**गुवाहाटी/भाषा।** असम में बाढ़ की स्थिति में सोमवार को सुधार हुआ और कोई भी नया क्षेत्र जलमग्न नहीं हुआ जबकि प्रभावित लोगों की संख्या घटकर लगभग 80,000 हो गई। एक आधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। इस साल बाढ़ से मरने वालों की संख्या 18 बनी हुई है क्योंकि किसी अन्य व्यक्ति की मौत नहीं हुई। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) के बुलेटिन में बताया गया है कि आठ जिलों में बाढ़ से 79,060 लोग प्रभावित हैं। सात जिलों में प्रभावित लोगों की संख्या 1.22 लाख थी। प्राधिकरण के अनुसार दरांग जिला बाढ़ से सबसे ज्यादा प्रभावित है जहां 47,063 लोग इससे प्रभावित हुए। इसके बाद गोलाघाट जिले में 27,837 लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। राज्य में छह राहत शिविरों में कुल 1,321 लोगों ने शरण ले रखी है जबकि नौ राहत वितरण केंद्र काम कर रहे हैं। बाढ़ के कारण 8,807.50 हेक्टेयर क्षेत्र में फसलें डूब गई हैं। ब्रह्मपुत्र नदी धुबरी में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

### सुविचार

अपनी औलाद के चेहरे पे चमक लाते हुए, झुर्रियां माँ बाप के चेहरे पे उभर आती हैं।

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# बेतुके दावे

चीन द्वारा तथाकथित 'मानक मानचित्र' जारी कर अरुणाचल प्रदेश और अक्साई चिन पर दावा जताने का प्रयास अत्यंत हास्यास्पद है। चीन सरकार ऐसे अगंभीर कृत्य कर क्यों अपने राष्ट्रपति का मखौल उड़वा रही है? क्या उसे मालूम नहीं कि ऐसे नक्शे जारी करने से संबंधित जगहों पर उसका अधिकार सिद्ध नहीं हो जाता? हो सकता है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को किसी रात सपना आए कि सिंगापुर का नाम बदलकर 'जिनपिंगापुर' रख देना चाहिए और एक नक्शा भी जारी कर देना चाहिए! क्या इससे हकीकत बदल जाएगी? फिर तो शी जिनपिंग सैन फ्रांसिस्को का नाम बदलकर शिन्जा सिटी भी कर सकते हैं! क्या इससे अमेरिका की भौगोलिक स्थिति को कोई फर्क पड़ेगा? ये बचकानी हरकतें हैं, जिनसे चीन को बाज़ आना चाहिए। कभी उसके ऐसे नक्शों को बहुत ज्यादा गंभीरता से लिया जाता था। कुछ देशों की सरकारें इससे दबाव में आ जाती थीं, लेकिन अब ड्रैगन हंसी का पात्र बन रहा है। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने तथाकथित 'मानक मानचित्र' को खारिज करते हुए उचित ही कहा है कि सिर्फ बेतुके दावे करने से अन्य लोगों के क्षेत्र आपके नहीं हो जाते। इसी साल अप्रैल में चीन द्वारा अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों के 'पुनः नामकरण' का मामला काफी चर्चा में रहा था। अब उसने 'चीन के मानक मानचित्र' का 2023 संस्करण जारी कर दिया। आखिर चीन बार-बार ऐसी हरकतें क्यों करता है? भारतवासियों को यह जानना बहुत जरूरी है। वास्तव में यह चीन की प्राचीन युद्धकला का हिस्सा है, जिसे 'सुन त्ज़ू' कहा जाता है। चीन अपने प्रतिद्वंद्वियों / शत्रुओं से व्यवहार करने के लिए इसके सिद्धांतों पर अमल करता है। सुन त्ज़ू में मनोवैज्ञानिक और सूचना युद्ध प्रणाली पर बहुत जोर दिया गया है। इसके तहत उस देश पर विभिन्न तरीकों से मनोवैज्ञानिक दबाव डालने की कोशिश की जाती है। इसके लिए झूठे प्रचार का भी सहारा लिया जाता है।


यह पूरा स्वांग इसलिए रचा जाता है, ताकि उस देश की सरकार और नागरिकों में खौफ पैदा हो कि चीन बहुत शक्तिशाली है, लिहाजा उसके सामने झुकने में ही भलाई है! इसी के तहत वह कभी अरुणाचल प्रदेश के कुछ स्थानों का 'पुनः नामकरण' करता है, कभी इसे दक्षिण तिब्बत कहता है और इस बार तो उसने नक्शा ही छाप दिया! इसके जरिए चीन मनोवैज्ञानिक दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है। उसका यह पाखंडपूर्ण फॉर्मूला अन्य देशों पर काम कर सकता है, लेकिन भारत पर इसका कोई असर नहीं होगा। भारत आचार्य चाणक्य का देश है, जिन्होंने ड्रैगन के दावों की हवा निकालने के सूत्र पहले ही सिखा दिए हैं। ऐसी स्थिति में संबंधित देश को दृढ़ता दिखानी चाहिए। अगर चीन कुछ जगहों पर बड़े कार्यक्रमों / दौरों से चिढ़े तो वहां ऐसे कार्यक्रम / दौरे धूमधाम से होने चाहिएं। भारत सरकार यही करती नजर आ रही है। 'पुनः नामकरण' की घटना के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अरुणाचल प्रदेश के किबिथू गांव में 'वाइब्रेंट विलेज' कार्यक्रम की धूमधाम से शुरुआत की थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी एक साक्षात्कार में कह चुके हैं कि भारत के लिए अपने हर हिस्से में जी20 बैठकें आयोजित करना स्वाभाविक है। उन्होंने यह बात कश्मीर और अरुणाचल प्रदेश में आयोजित कुछ कार्यक्रमों पर चीन की आपत्तियों को खारिज करते हुए कही थी। अब विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इन शब्दों के साथ भारत का रुख स्पष्ट कर दिया है कि 'यह कोई नई बात नहीं है। इसकी शुरुआत 1950 के दशक में हुई थी। इसलिए भारत के कुछ क्षेत्रों पर अपना दावा करने वाला मानचित्र पेश करने से मुझे लगता है कि कुछ नहीं बदलता। ... हम बहुत स्पष्ट हैं कि हमारे क्षेत्र कहां तक हैं। यह सरकार इस बारे में बहुत स्पष्ट है कि हमें अपने क्षेत्र की रक्षा के लिए क्या करने की जरूरत है। आप इसे हमारी सीमाओं पर देख सकते हैं। ... इसमें कोई संदेह नहीं होना चाहिए।' निस्संदेह चीन की यह 'नक़्शाबाज़ी' बेतुके दावे के अलावा कुछ नहीं है। इससे धरातल पर कोई बदलाव नहीं आने वाला है। बस, बीजिंग में बैठे शी जिनपिंग के 'जी-हुजूरिए' अपने नंबर बढ़वाने के लिए उन्हें उलटी पट्टी पढ़ा रहे हैं।

## ट्वीटर टॉक



राजस्थान में कानून व्यवस्था की हालत बेहद ख़राब हो चुकी है। महिलाओं के प्रति अपराध में बहुत अधिक वृद्धि हुई है। छोटी बच्ची के साथ बलात्कार की घटनाएँ सामने आ रही हैं। ख़राब क़ानून व्यवस्था में विकास संभव नहीं है।

–राजनाथ सिंह



राजस्थान की कांग्रेस सरकार के मंत्री भी अब सरकार की नाकामियों के खिलाफ सड़कों पर उतर रहे हैं। एक मंत्री ने महिला अत्याचार के खिलाफ आईना दिखाया तो बर्खास्त कर दिया। अब देखे, अशोक चांदना जी के आवाह्न का क्या नतीजा आता है। प्रदेश में कांग्रेस सरकार की रवानगी तय है।

–दिया कुमारी



राहुल गांधी और सोनिया गांधी देश को बताएं क्या उन्होंने घमंडिया गठबंधन के मुम्बई अधिवेशन में तय किया है कि वो सनातन धर्म और हिन्दूओं के खिलाफ जहर उगलेंगे? क्या कांग्रेस पार्टी हिन्दूओं को गाली देकर अपनी मोहब्बत की दुकान खोलना चाहती है?

–अर्जुनराम मेघवाल

### प्रेरक प्रसंग

## संत की सत्ता

तुर्किस्तान और ईरान के बीच युद्ध छिड़ा हुआ था। तुर्की की हार तय थी। किंतु एक रोज़ ईरान के सूफी संत करीदुबीन तुर्कों के हाथ पड़ गये। तुर्कों ने उन पर जासूसी का आरोप लगाकर उन्हें फांसी की सजा सुना दी। संत की प्राणरक्षा के लिए ईरानी उनके वजन के बराबर हीरे-जवाहरात देने को तैयार हो गये। अनेक लोग उसके बदले जान देने को तैयार थे, पर तुर्कों ने संत को नहीं छोड़ा। अंततः ईरान के शाह ने तुर्क सुल्तान से विनती की कि चाहो तो ईरान का राज्य ले लो, पर संत को छोड़ दो। सुल्तान ने हैरत से पूछा, 'लड़ाई में जिस देश को हम नहीं जीत सके, उसे एक व्यक्ति के एवज में क्यों सौंप रहे हो?' शाह बोले, 'वह व्यक्ति नहीं, हमारे देश की धड़कन है। हमारे देश की आबरू है। उसके कारण हमारे देश का धर्म, संस्कृति और आचरण जिंदा है। अन्न, जवान व सच्चे संत राष्ट्ररक्षा के मुख्य स्तंभ हैं। अनाज उपजाया जा सकता है। जवान तैयार किये जा सकते हैं। किंतु संत सैकड़ों साल में एक बार जन्म लेते हैं। संतों से रहित देश मुर्दा है। संत की सत्ता सर्वोपरि है।

### सामयिक

# एक देश, एक चुनाव के मायने?

**अवधेश कुमार**
**मोबाइल : 9811027208**

अठारह सितंबर से 22 सितंबर तक संसद सत्र बुलाने तथा पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में एक साथ चुनाव पर सुझाव देने के लिए समिति गठन की घोषणा ने विमर्श को एकाएक बदल दिया है। इस समय विशेष संसद सत्र और एक साथ चुनाव स्वाभाविक ही सबसे बड़े बहस का मुद्दा है। मुंबई में आयोजित आईएनडीआईए की बैठक में भी यह मुद्दा उठा तथा वहां से आने वाली प्रतिक्रियाओं में यह शीर्ष पर था। कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीतिक रणनीति ने ऐसी स्थिति पैदा की जिसमें सत्तारूढ़ भाजपा के नेतृत्व वाला राजग एजेंडा तय कर रहा है। संसद का विशेष सत्र बुलाने का अर्थ है कि सरकार कुछ विशेष चर्चा कराना चाहती है। राष्ट्रपति की अध्यक्षता में समिति का गठन और उसमें शामिल सदस्यों को देखें तो कहना पड़ेगा कि सरकार एक साथ चुनाव पर गंभीर है। पहले किसी मामले पर पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता में समिति का गठन नहीं हुआ था। अगर 18 सितंबर के संसद सत्र को ध्यान में रखें उसमें एक साथ चुनाव संबंधी एजेंडा हो तो ऐसा लग सकता है कि समिति को इतना कम समय नहीं मिलना चाहिए था। वैसे संसद के विशेष सत्र का एजेंडा इन पंक्तियों के लिखे जाने तक स्पष्ट नहीं है। इसका दूसरा पक्ष यह है कि प्रधानमंत्री द्वारा 2015 से इसकी चर्चा की जाती रही है और इस पर पूरी बहस हुई है। संविधानविदों से लेकर राजनीतिक दलों की प्रतिक्रियाएं आ चुकी हैं। कई अनुशंसाएं एवं रिपोर्ट भी हैं। सबसे पहले सन 1999 में विधि आयोग की 170 वीं रिपोर्ट में लोकसभा और विधानसभाओं के चुनाव एक साथ करने की बात कही गई थी जिसमें इससे संबंधित कुछ बिंदुओं का उल्लेख था। सन 2015 में कार्मिक, लोक शिकायत, विधि एवं न्याय मामलों की संसदीय समिति ने इसकी सिफारिश की। अगस्त, 2018 में फिर विधि आयोग की रिपोर्ट आई जिसमें दो चरणों में चुनाव कराने का सुझाव दिया गया था। दिसंबर 2022 में, विधि आयोग ने देश में एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव पर राष्ट्रीय राजनीतिक दलों, चुनाव आयोग, नौकरशाहों, शिक्षाविदों और विशेषज्ञों सहित सभी हितधारकों की राय मांगी थी। इन सबके साथ सन 2017 में नीति आयोग ने एक अध्ययन दस्तावेज



जारी किया था जिसमें उसने संसदीय समिति के दो चरणों में सुझाव को स्वीकार किया था।

विरोधी आशंका उठा रहे हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुछ राज्यों के विधानसभा चुनाव को आगे खींचना चाहते हैं तथा ऐसी स्थिति में चुनाव कराने के इच्छुक हैं जिसमें राष्ट्रीय स्तर पर उनका नाम सबसे ऊपर हो और लोकसभा तथा विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी को लाभ मिल जाए। चुनाव को एक साथ करने में सबसे बड़ी बाधा विधानसभाओं का कार्यकाल ही है। स्वाभाविक ही अगर इस पर सहमति बनती है तो कई राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल बढ़ाना पड़ेगा तथा कुछ का घटाना पड़ेगा। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ राजस्थान और तेलंगाना के विधानसभा चुनाव लोकसभा चुनाव के कुछ ही महीने पहले तथा महाराष्ट्र और हरियाणा के कुछ महीने बाद होते हैं। स्वाभाविक ही इन विधानसभाओं का चुनाव टल सकता है। लेकिन केवल विधानसभा चुनाव टालकर लोकसभा चुनाव के साथ करने के लिए कोई सरकार इतना बड़ा कदम नहीं उठा सकती।

मुख्य बात है कि क्या एक साथ लोक सभा एवं विधानसभा चुनाव करना यथेष्ट है? क्या वाकई इसकी आवश्यकता है और यह भारतीय लोकतंत्र को आज से बेहतर स्थिति दे सकता है? वर्ष1967 तक सभी चुनाव निश्चित समयावधि में साथ ही होते थे। 1967 में कांग्रेस के एकाधिकार टूटने, आठ राज्यों में दूसरे दलों की गठबंधन सरकारें ,जिन्हें तब संविद सरकार कहा गया था गठित होने तथा उनके असमय गिर जाने या गिरा दिए जाने से समस्या शुरू हुई। कांग्रेस में नेतृत्व की आंतरिक लड़ाई के कारण तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी ने चौथी लोकसभा को समय पूर्व 1970 में ही भंग कर दिया। 1975 में आपातकाल लगाने के बाद लोकसभा का कार्यकाल 6 वर्ष बढ़ा दिया गया। 1977 में जनता पार्टी की सरकार बनी जो ढाई साल बाद ही गिर गई। इसके साथ अलग-अलग राज्यों की सरकारें असमय गिरतीं रहीं। 1989 से 1999 का दशक भारतीय राजनीति की भयावह अस्थिरता का था जिसमें केंद्र से राज्यों तक सरकारें असमय जातीं रहीं। इस तरह अलग-अलग चुनाव हमारे देश की राजनीतिक और संवैधानिक व्यवस्था का स्वाभाविक एवं सामान्य स्थिति नहीं है। भारतीय राजनीति के विद्रूप चेहरे के पीछे यह सबसे बड़ा कारण है। बताने की आवश्यकता नहीं कि लगातार चुनाव के कारण न केवल आर्थिक बोझ बढ़ता है बल्कि पूरी मशीनरी लगानी पड़ती है। विधि आयोग ने 2018 की अपने अनुशंसा में अलग-अलग चुनाव खर्चों का आकलन कर बताया है कि एक साथ चुनाव से भारी संसाधन बचेंगे। सबसे बड़ी बात कि राजनीतिक दलों में आवश्यक राष्ट्रीय या जनता के हितों संबंधी मुद्दों पर भी एकता नहीं हो पाती। सभी दल अपने मतदाताओं को संबोधित करने के लिए विवश रहते हैं। चुनाव भले विधानसभा के हो लेकिन राष्ट्रीय राजनीति और हमारे सांसद भी इसका शिकार होती है। संबंधित दल राष्ट्रीय स्तर पर भी राज्य के चुनावी हितों का ध्यान रखते हुए ही भूमिका निभाकर संदेश देते हैं। आचार संहिता लागू हो जाने के बाद सरकार चाहे भी तो आवश्यक विकास एवं जन कल्याण के लिए नया कदम नहीं उठा सकती। हर वर्ष भारत में औसत चार राज्य विधानसभाओं के चुनाव होते हैं तथा इसके साथ स्थानीय निकायों के भी चुनाव चलते रहते हैं। लोकसभा से लेकर विधानसभा एवं स्थानीय निकायों को ध्यान में लाइए और सोचिए कि आचार संहिताओं का कितना बड़ा असर अभी तक देश पर हुआ होगा। हर निष्पक्ष और विवेकशील व्यक्ति इस स्थिति को बदलने की चाहत रखता है। प्रश्न है कि क्या यह संभव है?

संविधान एक साथ चुनाव का निषेध नहीं करता। लेकिन लोकसभा और अलग-अलग राज्यों की विधानसभाओं के कार्यकालों में इतना बड़ा अंतर आ गया है कि इसे पटना आसान नहीं होगा। किंतु ऐसा हो सकता है। इसके लिए कुछ विधानसभाओं का कार्यकाल बढ़ाना पड़ेगा तो कुछ का घटाना होगा। 2018 में विधि आयोग ने अपनी अनुशंसा में इसके लिए संविधान के अनुच्छेद- 83, 85, 172, 174 और 356 में संशोधन का जिक्र किया था। 356 छोड़ अन्य प्रावधान विधानसभाओं लोकसभा के 5 वर्षीय कार्यकाल उनको 1 साल तक एक बार में पढ़ने और भंग करने से संबंधित हैं। इन धाराओं में संशोधन करके लोकसभा और विधानसभाओं के कार्यकाल बढ़ाए घटाएं जा सकते हैं तथा राष्ट्रपति एवं राज्यपालों के अधिकार का इस्तेमाल करते हुए इसे वांछित समय पर भंग किया जा सकता है। अनुच्छेद 356 आपातकालीन स्थिति है जिनमें राज्य की कानून व्यवस्था विफल होने या किसी सूरत में सरकार गठित न होने का आधार होता है। जाहिर है , विधानसभा भंग करने के लिए 356 को संशोधित करना पड़ेगा। संविधान संशोधन आसान नहीं होगा। मुख्य बात राजनीतिक सहमति की है। राजनीतिक सहमति बन जाए तो 356 को छोड़ इन अनुच्छेदों में भी संशोधन की आवश्यकता नहीं होगी। बहुमत की सरकार कभी भी विधानसभाओं वी लोकसभा को भंग करने की सिफारिश कर सकती है। भारतीय राजनीति उस अवस्था में पहुंच गई है जहां पूर्ण सहमति बनना असंभव है। विधि आयोग ने कहा है कि लोकसभा चुनाव के साथ पहले उन विधानसभाओं के चुनाव कर दिया जाए जिनका कार्यकाल 3 वर्ष या उससे अधिक हो चुका है और फिर 3 वर्ष बाद शेष विधानसभाओं का।

लोकसभा और विधानसभाएं ही नहीं स्थानीय निकायों के चुनाव भी एक साथ एक अंतराल पर कर दिया जाए तो सरकारी जनहित का ध्यान रखते हुए कठोर कदम उठाने पर भी दबाव में नहीं होगी। हालांकि इस बात की गारंटी नहीं है कि ऐसा हो जाने के बाद सरकारें असमय नहीं गिरेंगे। एक दल के बहुमत न होने पर गठबंधन सरकारी कभी भी जा सकते हैं। पर उसका भी रास्ता निकाला जा सकता है। मूल बात सरकार के साथ सभी राजनीतिक दलों के इरादे और इच्छाशक्ति की है।

### मंथन

# प्रगति के पैमानों के अलग-अलग मापदंड

**संजीव ठाकुर**
**मोबाइल : 9009415415**

भारत के उदारवादी दृष्टिकोण और निजीकरण के युग में विकास की अवधारणा के बारे में जब भी चर्चा होती है तब स्वाभाविक तौर पर विकास के विभिन्न आयामों पर भी विस्तृत परिचर्चा का पदार्पण होता है। विकास प्राप्ति है या साधन है और विकास की संपूर्ण अवधारणा क्या है इस पर एक स्वस्थ बहस की आवश्यकता है। निसंदेह विकास परिवर्तन की सामाजिक आर्थिक सांस्कृतिक बदली हुई परिणति ही है, परिवर्तन अथवा विकास के सामने समतामूलक न्याय पूर्ण तथा संपूर्ण समावेशी प्रयासों को मजबूत करने की बात कही गई है और भारत सरकार ने इस पर अपनी आस्था व्यक्त की है, इसी विचार के साथ भारत ने पर्यावरण संरक्षण की मुहिम को मजबूती देने का प्रयास किया है भारत को हरित भारत के लक्ष्य को स्वीकार भी किया है। विभिन्न जीव जंतुओं को बचाना तथा वन के परीक्षेत्र को 337 लक्ष्य प्राप्त करने की दिशा में हर संभव प्रयास किए जाने के लिए योजनाएं बनाई जा रही है ।वही दूसरी तरफ मरुस्थल बनने से धरा को रोकने के प्रयास और जैव विविधता को सुरक्षित रखने का लक्ष्य की भारत में प्रगति कर रहा है। जलवायु परिवर्तन से भारत को जितना नुकसान हो रहा है इतना किसी भी अन्य देश को नहीं हो रहा है। इसी कार्यक्रम में प्राकृतिक संसाधनों के वितरण प्रकार और गुणवत्ता को जलवायु परिवर्तन से बचाने का प्रयास भी शामिल है। भारत में इसी संदर्भ में ग्रीन इंडिया जैसी अवधारणा को आत्मसात किया है ग्रीन इंडिया तथा परिस्थितिकी सुधार को संरक्षण दिया है उसमें केंद्र व राज्य सरकारों ने मिलकर एक दशक के लिए लगभग 40, हजार करोड़ रुपए के खर्च होने का अनुमान भी दर्शाया है। सरल शब्दों में ग्रीन इंडिया मिशन को जलवायु परिवर्तन की अनुकूलता को अंदर से देखा जाए उसमें कारबन में कटौती तथा परिस्थिति तंत्रों में मजबूती लाने का प्रयास किया जाएगा, इसके अंतर्गत बंजर वाली भूमि पर 50 लाख हेक्टेयर पर पेड़ लगाना और 50 लाख हेक्टेयर जमीन पर बढ़ते हुए वनों का संरक्षण भी शामिल है। जिसके फलस्वरूप 30 लाख परिवारों को रोजगार मुहैया कराना साथ ही 50 से 60 लाख तन तक कार्बन डाइऑक्साइड में कमी लाने का लक्ष्य तय किया गया। इस तरह ग्रीन इंडिया में भारी भरकम बजट खर्च करने की परियोजना तैयार की गई है। निश्चित तौर पर जलवायु परिवर्तन में होने वाले नुकसान को इस योजना से रोका जा सकता है। वहीं दूसरी ओर यदि डिजिटल इंडिया की बात करें तो ज्ञान के आधारित अर्थव्यवस्था मैं सुधार डिजिटल पद्धति से ही लाया जा सकता है। भारत देश जैसे विकासशील अर्थव्यवस्था के लिए डिजिटलीकरण अत्यंत आवश्यक भी दिखाई देता है। डिजिटल विकास के पास भारत देश में दीमक की तरह फैले हुए भ्रष्टाचार को भी रोका जा सकता है। बिचौलियों की उपस्थिति को भी चुनौती दी जा सकती है वैसे डिजिटल इंडिया प्रशासन सब प्रशासन को काफी मददगार साबित होने वाला है। सरकारी कार्यालयों में समस्त कार्य प्रणाली पेपर रहित हो गए है डिजिटल टेक्नोलॉजी के साथ कार्य किए जाए तो समय के साथ अर्थव्यवस्था में बेहतरी लाई जा सकती है। भारत सरकार ने अनेक विकास के पैमानों को ध्यान में रखते हुए और अनेक विसंगतियों को दूर करने के इरादे से डिजिटल मिशन के तहत ई गवर्नेंस ब्रॉडबैंड हाईवे, नेशनल स्कॉलरशिप पोर्टल, हॉस्पिटल एप स्वच्छ भारत मोबाइल ऐप, डिजिटल लॉकर जैसी सुविधाएं शुरू कर चुका है।


### विशेष

# जीवन जीने का सलीका सिखाते हैं शिक्षक

**योगेश कुमार गोयल**
**मोबाइल : 9034304041.**

विश्वभर में लगभग सभी महापुरूषों ने शिक्षकों को राष्ट्र निर्माता की संज्ञा दी है। गुरु रूपी इन्हीं शिक्षकों को सम्मान देने के लिए प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस' मनाया जाता है। यह एकमात्र ऐसा दिन है, जब छात्र अपने शिक्षकों अर्थात गुरुओं को उपहार देते हैं। पहले जहां गुरूकुल परम्परा हुआ करती थी और उस समय जीवन की व्यावहारिक शिक्षाएं इन्हीं गुरूकुल में गुरु दिया करते थे, आज नए जमाने में गुरुओं का वही अहम कार्य शिक्षक पूरा कर रहे हैं, जो छात्रों के सच्चे मार्गदर्शक बनकर उन्हें स्कूल से लेकर कॉलेज तक वह शिक्षा देते हैं, जो उन्हें जीवन में बुलंदियों तक पहुंचाने में सहायक बनती है। आज भले ही शिक्षा प्राप्त करने या ज्ञानोपार्जन के लिए अनेक तकनीकी साधन सुलभ हैं किन्तु एक अच्छे शिक्षक की कमी कोई पूरी नहीं कर सकता। जिस प्रकार एक अच्छा शिल्पकार किसी भी पत्थर को तराशकर उसे खूबसूरत रूप दे सकता है और एक कुम्हार गीली मिट्टी को सही आकार प्रदान कर सही आकार के खूबसूरत बर्तन बनाता है, समाज में वही भूमिका एक शिक्षक अदा करता है, इसीलिए शिक्षक को समाज के असली शिल्पकार का भी दर्जा दिया जाता है। इतिहास ऐसे शिक्षकों के उदाहरणों से भरा पड़ा है, जिन्होंने अपनी शिक्षा से अनेक लोगों के जीवन की दिशा ही बदल दी।

भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति एवं द्वितीय राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस के अवसर पर भारत में प्रतिवर्ष 5 सितम्बर को शिक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करने के उद्देश्य से शिक्षक दिवस मनाया जाता है। 13 मई 1962 को राधाकृष्णन देश के राष्ट्रपति बने और उसी वर्ष उनके कुछ छात्र उनका जन्मदिन मनाने के उद्देश्य से उनके पास गए तो उन्होंने उन छात्रों को परामर्श दिया कि उनके जन्मदिन को अध्यापन के प्रति उनके समर्पण के लिए शिक्षक दिवस'



के रूप में मनाया जाए और इस प्रकार 5 सितम्बर 1962 से ही देश में यह दिन शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। 5 सितम्बर 1888 को एक निर्धन ब्राह्मण परिवार में जन्मे डा. राधाकृष्णन ने अपने जीवनकाल के 40 वर्ष एक आदर्श शिक्षक के रूप में समर्पित कर दिए। मद्रास प्रेसीडेंसी कॉलेज से शिक्षा ग्रहण करने के बाद उन्होंने मैसूर यूनिवर्सिटी, कलकत्ता यूनिवर्सिटी तथा बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय में अध्यापन किया और लंदन में ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में भी दर्शन शास्त्र पढ़ाया। 1931 में किंग जॉर्ज पंचम ने उन्हें नाइटहुड की उपाधि प्रदान की किन्तु उन्होंने देश की आजादी के बाद अपने नाम के साथ 'सर' लगाना बंद कर दिया। राधाकृष्णन 1947 से 1949 तक संविधान निर्मात्री सभा के सदस्य रहे और 1954 में उन्हें 'भारत रत्न' से सम्मानित किया गया। 1962 में ब्रिटिश अकादमी का सदस्य बनने पर उन्हें गोल्डन स्पर, इंग्लैंड के 'ऑर्डर ऑफ मैरिट' तथा 1975 में मरणोपरांत अमेरिकी सरकार द्वारा टेम्पलटन पुरस्कार' से सम्मानित किया गया। डा. राधाकृष्णन एक महान दार्शनिक और आदर्श शिक्षक होने के साथ-साथ राजनीति में भी प्रवीण थे।

दर्शन शास्त्र जैसे गंभीर विषय को भी डा. राधाकृष्णन अपनी अद्भुत शैली से बेहद सरल और रोचक बना देते थे। जिस विषय का वे अध्यापन करते थे, पहले स्वयं उसका गहन अध्ययन करते थे। डा. राधाकृष्णन अपने व्याख्यानों के साथ-साथ विभिन्न प्रसंगों के माध्यम से छात्रों को उच्च नैतिक मूल्यों को अपने आचरण में समाहित करने के लिए प्रेरित कर उनका बेहतर मार्गदर्शन भी करते थे। उनका कहना था कि हमें अपने शिक्षकों का सम्मान करना चाहिए क्योंकि शिक्षक के बिना इस दुनिया में हम सभी अधूरे हैं। शिक्षक ही हैं, जो देश के भविष्य के वास्तविक आकृतिकार हैं और हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं। राधाकृष्णन का कहना था कि हमें मानवता को उन नैतिक जड़ों तक वापस ले जाना चाहिए, जहां से अनुशासन और स्वतंत्रता दोनों का उद्गम हो। उनका कथन स्पष्ट था कि जब तक शिक्षक शिक्षा के प्रति समर्पित और प्रतिबद्ध नहीं होगा और शिक्षा को एक मिशन के रूप में नहीं अपनाएगा, तब तक अच्छी और उद्देश्यपूर्ण शिक्षा की कल्पना नहीं की जा सकती।

आज हम हर बच्चे को महंगी उत्कृष्ट आधुनिक शिक्षा के जरिये टॉपर बनाकर बड़ा डॉक्टर, इंजीनियर या प्रशासनिक अधिकारी बनाने का सपना संजोये रहते हैं और भूलते जा रहे हैं कि उसे जीवन की बुलंदियों पर पहुंचाने के साथ-साथ एक अच्छा इंसान बनाना भी बेहद जरूरी है और इसके लिए हर बच्चे को नैतिक, भौतिक, सामाजिक और आध्यात्मिक शिक्षा दिए जाने की भी आवश्यकता है ताकि बच्चे अपने विवेक से बुद्धिमत्तापूर्ण निर्णय लेने और समाज को सही दिशा देने में सक्षम बनें। डा. राधाकृष्णन का मानना था कि यदि सही तरीके से शिक्षा प्रदान की जाए तो समाज की अनेक बुराईयों का समूल नाश किया जा सकता है। एक सभ्य, सुसंस्कारित, सुन्दर एवं शांतिपूर्ण समाज के निर्माण के लिए शिक्षक दिवस के अवसर पर डा. राधाकृष्णन के आदर्शों, उनकी शिक्षाओं तथा जीवन मूल्यों को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– दक्षिण भारत राष्ट्रमत

प्रदर्शन



पटना में सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने सनातन भाषा विरोधी मुद्दे को लेकर तमिलनाडु के खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

# 'सनातन धर्म विवाद' पर अनुराग ठाकुर ने कहा, इंडिया' के नेता माफी मांगें

**फगवाड़ा (पंजाब)/भाषा**

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने 'सनातन धर्म' के खिलाफ बयान देने के लिए सोमवार को द्रमुक नेता उदयनिधि स्टालिन की आलोचना की और विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं से सार्वजनिक माफी मांगने को कहा।

'इंडिया' गठबंधन को 'घमंडिया' करार देते हुए ठाकुर ने उस पर राजनीतिक फायदे के लिए ध्रुवीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया।

तमिलनाडु के युवा कल्याण मंत्री उदयनिधि स्टालिन ने यह दावा करके विवाद खड़ा कर दिया था कि 'सनातन धर्म' समानता और सामाजिक न्याय के विरुद्ध है और इसका उन्मूलन करने की जरूरत है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन के बेटे उदयनिधि ने 'सनातन धर्म' की तुलना कोरोना वायरस, मलेरिया और डेंगू से करते हुए कहा कि ऐसी चीजों का विरोध नहीं करना चाहिए बल्कि इनका विनाश कर देना चाहिए।

केंद्रीय खेल और युवा मामलों के मंत्री ठाकुर ने हरबंसपुर गांव में 'मेरी माटी, मेरा देश' अभियान को संबोधित करने के बाद संवाददाताओं से कहा, सनातम धर्म था और रहेगा। उन्होंने कहा, आप, जो हिंदुओं को समाप्त करने का सपना देख रहे हैं, अच्छी तरह याद रखें कि इस तरह का अशुभ सपना देखने वाले लोग खाक में मिल ङिए। 'घमंडिया गठबंधन' के मित्र रहें या नहीं रहें, लेकिन 'सनातन' था, है और यहीं रहेगा।

ठाकुर ने कहा, इंडिया गठबंधन के नेताओं को देश और हिंदू समाज से सार्वजनिक माफी मांगनी चाहिए। कांग्रेस और उसके सहयोगियों में हिंदुओं को उग्रवादी कहकर या मौखिक अपशब्द कहकर या विशेष रूप से पश्चिम बंगाल, बिहार और अन्य स्थानों पर शारीरिक हमले करके हिंदुओं की छवि खराब करने और उन्हें बदनाम करने की होड़ मची है।

# भारत की यात्रा को लेकर उत्सुक, शी के जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा न लेने से निराश हूं : बाइडन

**वाशिंगटन/भाषा**

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि वह इस सप्ताह भारत की अपनी यात्रा को लेकर उत्सुक हैं, लेकिन नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में उनके चीनी समकक्ष शी चिनफिंग के शामिल नहीं होने से वह निराश हैं। व्हाइट हाउस ने बीते शुक्रवार को घोषणा की थी कि बाइडन जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए सात सितंबर को भारत जाएंगे और इस ऐतिहासिक बैठक से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ वह आठ सितंबर को द्विपक्षीय बैठक करेंगे।



भारत जी20 के अध्यक्ष के रूप में 9-10 सितंबर को इस प्रभावशाली समूह के वार्षिक शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। इसमें बाइडन सहित विश्व के दो दर्जन से अधिक नेता हिस्सा लेने वाले हैं।

रविवार को जब पत्रकारों ने बाइडन से पूछा कि क्या वह भारत और वियतनाम की अपनी यात्रा को लेकर उत्सुक हैं? इसके जवाब में अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा, हां, मैं (उत्सुक) हूं। उन्होंने चीन के राष्ट्रपति चिनफिंग के सम्मेलन में शामिल न होने को लेकर अपनी निराशा जताई और इस बारे में पूछे ङिए एक सवाल के जवाब में कहा, मैं निराश हूं, लेकिन मैं उनसे मिलूंगा।

बाइडन और शी ने बाली में जी20 शिखर सम्मेलन से इतर नवंबर 2022 में मुलाकात की थी, और उन्होंने अमेरिका एवं चीन के बीच बढ़ते तनाव को रोकने की कोशिश के तहत संवाद बहाल करने का संकल्प लिया था। बाइडन के जनवरी 2021 में अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण करने के बाद दोनों नेताओं की यह पहली मुलाकात थी।

बीजिंग में, चीनी विदेश मंत्रालय ने सोमवार को यह घोषणा की कि राष्ट्रपति शी नई दिल्ली में जी20 शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं होंगे और चीनी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व प्रधानमंत्री ली क्विंग करेंगे।

जकार्ता में पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में शरीक होने के बाद ली भारत की यात्रा करेंगे। 2021 में, शी ने चीन के कोविड-19 प्रतिबंधों के कारण इटली में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन में हिस्सा नहीं लिया था।

बाइडन के अलावा फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज, जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, जापानी प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा जी20 के उन नेताओं में शामिल हैं, जिन्होंने पहले ही शिखर सम्मेलन में अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है। मोदी 10 सितंबर को ब्राजील के राष्ट्रपति लूला को जी20 की अध्यक्षता सौंपेंगे। ब्राजील एक दिसंबर को औपचारिक रूप से जी20 की अध्यक्षता संभालेगा।

मुलाकात



हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री एसएस सुक्खू सोमवार को हमीरपुर के गौना करौर क्षेत्र के दौरे के दौरान बच्चों से मुलाकात करते हुए।

# सरकारी विद्यालय के शिक्षकों ने खुद चंदा करके गरीब बच्चों के लिए बनाई स्मार्ट कक्षा

**इंदौर (मध्यप्रदेश)/भाषा**

इंदौर के बिजलपुर क्षेत्र के शासकीय प्रायोगिक माध्यमिक विद्यालय का नजारा आम सरकारी स्कूलों से काफी अलग है। इस विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने गरीब परिवारों के नौनिहालों को निजी स्कूलों की तर्ज पर दृश्य-श्रव्य माध्यम से बेहतर शिक्षा देने के लिए खुद चंदा करके स्मार्ट कक्षा तैयार की है। विद्यालय के प्राथमिक शिक्षक पीयूष दुबे ने सोमवार को पीटीआई-भाषा को बताया, एक बार मैं अपने लैपटॉप की मदद से बच्चों को पढ़ा रहा था। मैंने देखा कि खासकर पहली और दूसरी कक्षा के बच्चे लैपटॉप से पढ़ने में खास रुचि ले रहे हैं। इससे हम शिक्षक-शिक्षिकाओं के मन में बच्चों के लिए स्मार्ट कक्षा तैयार करने का विचार आया। उन्होंने बताया कि विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने करीब 23,000 रुपए का चंदा करके प्रोजेक्टर, चार स्पीकर का सेट आदि खरीदा है और स्मार्ट कक्षा तैयार की है। विद्यालय की प्रभारी सोनाली डगांवकर ने बताया कि स्मार्ट कक्षा में बच्चे बड़े उत्साह से पढ़ते हैं। उन्होंने बताया कि स्मार्ट कक्षा में दृश्य-श्रव्य माध्यम से पढ़ाए जाने के कारण विद्यालय की कक्षा एक में दाखिला लेने वाले बच्चों की तादाद में इजाफा हुआ है। विद्यालय की प्राथमिक शिक्षिका वंदना परमार जोर देकर कहती हैं कि सरकारी विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चे मेधा और प्रतिभा के मामले में निजी स्कूलों के विद्यार्थियों से कतई कम नहीं हैं, बशर्ते उन्हें सही रास्ता दिखाया जाए।

बिजलपुर क्षेत्र में करीब 300 विद्यार्थियों वाले इस माध्यमिक विद्यालय में पढ़ने वाले ज्यादातर बच्चे गरीब परिवारों के हैं और जाहिर है कि उनके परिजन निजी स्कूलों की महंगी फीस का बोझ नहीं उठा सकते। विद्यालय के बच्चों का कहना है कि ब्लैक बोर्ड के बजाय प्रोजेक्टर पर पढ़ने में न केवल उन्हें मजा आ रहा है, बल्कि वे कक्षा में पढ़ाए जाने वाले सबक को ज्यादा अच्छे से समझ भी पा रहे हैं।

# 'हुनर सलाम' देने के लिए क्रेन पर चढ़ी शिल्पा शेट्टी

**नई दिल्ली/एजेन्सी**

एक्ट्रेस और 'इंडियाज गॉट टैलेंट' की जज शिल्पा शेट्टी कुंद्रा शो में अबूझमाड़ ग्रुप को अपना सिग्नेचर 'हुनर सलाम' देने के लिए क्रेन पर चढ़ गईं। टैलेंट रियलिटी शो के रविवार के एपिसोड में भक्ति गायक अनूप जलोटा की मौजूदगी में जन्माष्टमी का त्योहार मनाया जाएगा। 'टॉप 14' के कंटेस्टेंट्स के परफॉर्मेंस से न केवल अनूप जलोटा, बल्कि जज शिल्पा शेट्टी कुंद्रा, बादशाह और किरण खेर भी हैरान रह जाएंगे। प्रतिभा और मनोरंजन की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए जाना जाने वाला, छत्तीसगढ़ का अबूझमाड़ ग्रुप स्टेज पर दमदार परफॉर्मेंस देंगे। उनके परफॉर्मेंस के बारे में बात करते हुए, शिल्पा ने कहा, ''आपने इस एक्ट के जरिए बहुत सारे स्किल्स दिखाए हैं। इसने मुझे यूरोप में परफॉर्म करने वाले 'सर्क डी सोइल' नाम के एक ट्रूप की याद दिला दी। जिस तरह से आपने आज हमारा मनोरंजन किया, वह देखकर मैं हैरान हूं। यह बेहतरीन परफॉर्मेंस था।'' उनकी सराहना करते हुए, किरण ने साझा किया, ''शानदार! यह एक्ट एक ही समय में कठिन और सुंदर दोनों था। जिस तरह से आप इतनी सटीकता के साथ परफॉर्म करने में सफल रहे, वह सराहनीय है! मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि वह आपको हमेशा सुरक्षित और खुश रखें।''



वहीं अनूप जलोटा ने कहा, ''इनको छत्तीसगढ़ के 36 हीरो मिल गए। सब कुछ अद्भुत था, लेकिन छोटा बच्चा, सुरेश बेहतरीन था।'' जलोटा ने कहा, ''जब भगवान कृष्ण बच्चे थे, तो वे बहुत मासूम थे, लेकिन जब वे युद्ध के मैदान में कदम रखते थे, तो वे बहुत ध्यान केंद्रित करते थे, भगवान कृष्ण की तरह, आप सभी में समान गुण हैं। आप सभी मासूम दिखते हैं लेकिन प्रदर्शन के दौरान, सभी ने निडरता का प्रदर्शन किया।'' इंडियाज गॉट टैलेंट सीजन 10 सोनी पर प्रसारित होता है।



# कंगना रनौत की फिल्म 'चंद्रमुखी-2' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड अभिनेत्री कंगना रनौत की आने वाली फिल्म 'चंद्रमुखी 2' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। पी वासु के निर्देशन में बनी फिल्म चंद्रमुखी 2 वर्ष फिल्म 2005 में प्रदर्शित चंद्रमुखी की अगली कड़ी है। ट्रेलर में कंगना रनौत काफी प्रभावी नजर आ रही हैं।

कंगना फिल्म में डांसर चंद्रमुखी के रोल में हैं। राघव लॉरेंस राजा वेट्टैयान राजा की भूमिका निभा रहे हैं। चंद्रमुखी 2 का ट्रेलर एक बड़े परिवार के हवेली में रहने से शुरू होता है, जहां उन्हें दक्षिण ब्लॉक से बचने का निर्देश दिया जाता है, जिसे चंद्रमुखी का घर माना जाता है। जब ये लोग इस कोने में पहुंचते हैं, तो क्या होता है। यही फिल्म की कहानी है। यह फिल्म 15 सितंबर को तमिल, तेलुगु, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कंगना ने चंद्रमुखी 2 को लेकर कहा है कि यह एक पैसा-वसूल एंटरटेनमेंट फिल्म है। फिल्म में थोड़ा एक्शन, कॉमेडी, हॉरर, रोमांस है और यह म्यूजिकल भी है। मैं पहली बार इस तरह का किरदार कर रही हूं और फिल्म का हिस्सा बनकर खुश हूं।



# 'जवान' दिखाती है कि कैसे हम अपने आस-पास बदलाव ला सकते हैं : शाहरुख

**मुंबई/भाषा**

अभिनेता शाहरुख खान ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म 'जवान' महिला सशक्तिकरण और अधिकारों के लिए लड़ाई के बारे में है। तमिल फिल्म निर्माता एटली द्वारा निर्देशित 'जवान' एक ऐसे व्यक्ति के भावनात्मक सफर को दर्शाती है, जो समाज की कुरितियों को दूर करना चाहता है। एक्शन थ्रिलर 'जवान' सात सितंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। सोशल मीडिया मंच एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर प्रशंसकों के साथ एक सवाल-जवाब सत्र (आस्क एसआरके) में शाहरुख से पूछा गया कि वह 'जवान' के माध्यम से क्या संदेश देना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'यह फिल्म दिखाती है कि कैसे हम बतौर नागरिक अपने आस-पास वे बदलाव ला सकते हैं, जो हम लाना चाहते हैं। महिलाओं को सशक्त बनाना और अधिकारों के लिए लड़ाई।'

निर्माण कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी 'जवान' की निर्माता गौरी खान और फिल्म के सह-निर्माता गौरव वर्मा हैं।

फिल्म में विजय सेतुपति और नयनतारा मुख्य किरदार में हैं, साथ ही दीपिका पदुकोण विशेष भूमिका में नजर आएंगी। फिल्म में अभिनेत्री सान्या मलहोत्रा, प्रियामणि, गिरिजा ओक, संजीता भट्टाचार्य, लहर खान, आलिया कुरैशी, रिद्धी डोगरा, सुनिल ग्रोवर और मुकेश छाबड़ा जैसे कलाकार भी हैं।

# 'बंबई मेरी जान' का ट्रेलर दर्शकों को 1970 के दशक की मुंबई की याद दिलाता है

**मुंबई/एजेन्सी**

अपकमिंग स्ट्रीमिंग सीरीज 'बंबई मेरी जान' के ट्रेलर का सोमवार को मुंबई के बांद्रा इलाके में अनावरण किया गया। क्राइम थ्रिलर सीरीज में केके मेनन, अविनाश तिवारी, कृतिका कामरा और निवेदिता भट्टाचार्य के साथ अमायरा दस्तूर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। ट्रेलर की शुरुआत 1970 के मुंबई के अद्भुत सीन के साथ होती है, जिसमें पूरा मुंबई शहर नजर आता है। इसमें दारा कादरी (अविनाश द्वारा अभिनीत) के जीवन को दिखाया गया है, जो एक अपराधी है, जिसका जन्म मुंबई पुलिस बल में एक ईमानदार अधिकारी (के के मेनन द्वारा अभिनीत) के घर हुआ। ट्रेलर में दारा का सामना हाजी (डॉन हाजी मस्तान से प्रेरित और सौरभ सचदेवा द्वारा अभिनीत) जैसे लोगों से होता है और वह अपराध की गहराई में उतर जाता है। ट्रेलर में स्टाइलिंग, लाइटिंग, बीजीएम, डीआई, फोटोग्राफी, एंगल और प्रोडक्शन डिजाइन जैसे कई रेट्रो एलिमेंट्स शामिल हैं।



ट्रेलर दर्शकों को उस दर्द की झलक दिखाता है जो एक पिता को झेलना पड़ता है जब वह अपने परिवार को खोए हुए लोकाचार, लालच और भ्रष्टाचार के कारण टूटते हुए देखता है। यह अजय देवगन और इमरान हाशमी-अभिनीत 'वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई' की भी याद दिलाता है, हालांकि आधार अलग है लेकिन कैनवास पर ब्रॉड ब्रश स्ट्रोक समान लगते हैं। अपकमिंग सीरीज में अपनी भूमिका के बारे में बात करते हुए, केके मेनन ने कहा: ''मेरा किरदार इस्माइल कादरी जटिल है। वह एक ईमानदार पुलिसकर्मी और एक दयालु पिता है। एक ओर, वह बंबई शहर को सभी अपराधों से मुक्त करने के लिए प्रतिबद्ध है, दूसरी ओर, अपने परिवार को बचाने के लिए, वह शहर के अपराध सिंडिकेट का मोहरा बनने के लिए मजबूर है।'' ''भले ही इस्माइल अपने आस-पास की बुराई के सामने झुकने से बचने के लिए सभी बाधाओं से लड़ता है, लेकिन वह देखता है कि उसका खुद का खून शहर के नए गिरोह के सरगना के रूप में उभर रहा है। इस किरदार के लिए शुजात और रेंसिल का दृष्टिकोण इतना स्पष्ट और सटीक था कि मेरे लिए यह भूमिका निभाना आसान था। प्राइम वीडियो और एक्सेल एंटरटेनमेंट, रेंसिल और शुजात, मुझे ऐसी दिल दहला देने वाली कहानी का हिस्सा बनाने के लिए धन्यवाद।''

यह सीरीज 1970 के दशक की मुंबई की दुनिया पर आधारित है, जहां गैंगवार, अपराध और विश्वासघात आम बात थी। इस पृष्ठभूमि में, फिक्शनल सीरीज एक ईमानदार पुलिस वाले की कहानी है जो देखता है कि उसका बेटा गरीबी और संघर्ष के जीवन से उबरने के लिए अपराध का रास्ता चुनता है। शो की कहानी अपराध पत्रकार और लेखक एस. हुसैन जैदी द्वारा लिखी गई है, सीरीज रेंसिल डिसिल्वा और शुजात सौदागर द्वारा बनाई गई है और शुजात सौदागर द्वारा निर्देशित है। एक्सेल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित, यह शो 14 सितंबर को प्राइम वीडियो पर आने के लिए तैयार है।



# 'गदर-2' ने 500 करोड़ की कमाई की

**मुंबई/वार्ता**

बॉलीवुड अभिनेता सनी देओल और अभिनेत्री अमीषा पटेल की फिल्म गदर 2 ने 500 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है। अनिल शर्मा के निर्देशन में बनी फिल्म 'गदर: एक प्रेम कथा' वर्ष 2001 में रिलीज हुयी थी। इस फिल्म में सनी देओल ,अमीष पटेल और अमरीश पुरी ने अहम भूमिका निभायी थी। 'गदर: एक प्रेम कथा' के सीक्वल गदर 2 में एक बार फिर से सनी और अमीषा की जोड़ी है। 'गदर 2' 11 अगस्त को सिनेमाघरों में प्रदर्शित हुयी है। गदर 2' ने पहले सप्ताह में 284 करोड़ की कमाई की थी। गदर 2 एक-एक कर कई रिकॉर्ड तोड़ती जा रही है।इस फिल्म ने 24 दिनों में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया था। शाहरुख खान की पठान ने 28 दिनों में 500 करोड़ की कमाई की थी।फिल्म 'बाहुबली 2' ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 34 दिनों में 500 करोड़ का आंकड़ा पार किया था। 'गदर 2 ,में सनी और अमीषा के साथ उत्कर्ष शर्मा, मनीष वाधवा, सिमरत कौर, लव सिन्हा की महत्वपूर्ण भूमिका है।

www.dakshinbharat.com
epaper.dakshinbharat.com
RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

हालात कैसे भी हों, आपका नजरिया हमेशा पॉजिटिव होना चाहिए। एक स्वस्थ और शुद्ध मन सुख-शांति और आनंद का जरिया है। सच्ची प्रगति चाहिए तो लक्ष्य के प्रति सचेत रहें और लगातार आध्यात्मिक प्रयास करते रहें। भविष्य की चुनौतियों के बारे में अच्छे से सोचकर नए टारगेट बनाएं। हमें अपना चरित्र अच्छा बनाना है और धार्मिक नहीं, आध्यात्मिक बनना है। अध्यात्म ही मानव कल्याण का आधार है। ज्ञान हो या विज्ञान, अध्यात्म में ही इनका मूल है। आज की पीढ़ी में संवेदनशीलता की कमी है। तकनीकी शिक्षा पर जोर देने से भौतिक विकास तो हुआ, लेकिन इसे समग्र विकास नहीं कहा जा सकता है।



# अग्रवाल विद्यालय एंड जूनियर कॉलेज का वार्षिक क्रीडोत्सव समारोह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। सोमवार को अग्रवाल विद्यालय एंड जूनियर कॉलेज का 43 वां वार्षिक क्रीडोत्सव समारोह पेरियामेट स्थित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। टैक्स असिस्टेंट इन जीएसटी और जनरल एक्सरसाइज एवं इंटरनेशनल वॉलीबॉल खिलाड़ी ए. भाग्यराज ने उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। मुख्यअतिथि एवं समिति के सदस्यों ने रंग बिरंगे गुब्बारे उड़ाकर कार्यक्रम की शुरुआत की।

विद्यालय की प्रधानाचार्या सी विजयलक्ष्मी ने सभी का स्वागत किया।विद्यालय के पत्राचारक एनके सिंघला ने पुष्प गुच्छ, क्रीडा अध्यक्ष गौरव जैन ने अंग वस्त्र तथा ने सचिव मुरारीलाल सोंथालिया ने स्मृति चिन्ह भेटकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। सभी सदनों के छात्रों, एनसीसी, शांति समूह, इको फ्रेंडली एवं प्राइमरी के छात्रों ने कदम से कदम मिलते हुए शानदार परेड प्रस्तुत की। क्रीडा अध्यक्ष छात्रा निवेता ने विद्यालय की वार्षिक खेल रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्यअतिथि ने परेड़ की सलामी ली। खेल मशाल को जलाकर क्रीड़ा सचिव जिनय एवं सदन नेताओं ने शपथ ग्रहण की। छात्रों द्वारा एरोबिक्स, पिरामिड, योगा, ड्रिल, समूह रस्सी कूद, हॉकी, सिलम्बल आदि कौशलों का शानदार प्रदर्शन किया।

समापन समारोह में एक्सरसाइज थैरेपिस्ट इंटरनेशनल स्पोर्ट्स ट्रेनर पी. पद्मनाभन ने मुख्य अतिथि पद की शोभा बढ़ाई। पुरस्कृत छात्रों को सम्मानित किया गया। विद्यालय के सचिव मुरारी लाल सोंथालिया, पत्राचारक एनके सिंघला, कोषाध्यक्ष सावरमल खेमका, संयुक्त पत्राचारक शालिनी अग्रवाल, क्रीडा अध्यक्ष गौरव जैन, समिति सदस्य मुकेश गुप्ता, शारदा अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

# अध्यात्म ही मानव कल्याण का आधार है : देवेंद्रसागरसूरि

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। यहां श्री सुमतिवल्लभ नोर्थटाउन जैन श्वेतांबर मूर्तिपूजक संघ में आचार्यश्री देवेंद्रसागरसूरीश्वरजी ने प्रवचन देते हुए कहा कि दुनिया जिस रूप में है, उसे उसी रूप में देखें और सच का दामन कभी न छोड़ें। हालात कैसे भी हों, आपका नजरिया हमेशा पॉजिटिव होना चाहिए। एक स्वस्थ और शुद्ध मन सुख-शांति और आनंद का जरिया है। सच्ची प्रगति चाहिए तो लक्ष्य के प्रति सचेत रहें और लगातार आध्यात्मिक प्रयास करते रहें। भविष्य की चुनौतियों के बारे में अच्छे से सोचकर नए टारगेट बनाएं। हमें अपना चरित्र अच्छा बनाना है और धार्मिक नहीं, आध्यात्मिक बनना है। अध्यात्म ही मानव कल्याण का आधार है। ज्ञान हो या विज्ञान, अध्यात्म में ही इनका मूल है। आज की पीढ़ी में संवेदनशीलता की कमी है। तकनीकी शिक्षा पर जोर देने से भौतिक विकास तो हुआ, लेकिन इसे समग्र विकास नहीं कहा जा सकता है। समाज तब समृद्ध होगा, जब उसकी सिंचाई संस्कारों से होगी। इसमें पढ़े-लिखे लोगों की जिम्मेदारी ज्यादा है। अपने साथ वे दूसरों का जीवन भी संवारें। आध्यात्मिक जीवनशैली के जरिए इस जिम्मेदारी को निभाया जा सकता है। साधना में ही वह ताकत है, जिससे व्यक्ति धीरे-धीरे आसक्ति और मोह छोड़ता जाता है। साधना में व्यक्ति अंदर से मजबूत होता है। एक वक्त आता है, जब वह खुद को ब्रह्म के साथ एकाकार कर लेता है। धार्मिक बनना आसान है, मगर एक सच्चा आध्यात्मिक साधक बनना कठिन है। साधक आध्यात्मिक दिव्यता से परिपूर्ण होता है। वह भोगी नहीं, योगी होता है। इस नश्वर जगत में परमात्मा ही संपूर्णता, श्रेष्ठता और दिव्यता का स्रोत है। आध्यात्मिक विचार पुख्ता होते ही जीवन में आनंद, मधुरता, ऐश्वर्य, सौंदर्य जैसी चीजें अपने आप बाहर आने लगती हैं। शुभ विचार और शुभ संकल्प में उलटी परिस्थितियों को खत्म करने का बेजोड़ सामर्थ्य होता है। अध्यात्म जीवन पूरी तरह से नि:स्वार्थ होता है। आध्यात्मिक विचार ना हों तो इंसान अपने रास्ते से भटक जाता है। सांसारिक ज्ञान जब अधिक हो जाता है तो घमंड आ सकता है। मगर आध्यात्मिक ज्ञान जितना अधिक होता जाता है, हम उतने ही विनम्र होते जाते हैं। सही बात तो यह है कि आत्म स्वरूप में लौटना ही अध्यात्म है। यह जीवन सिद्धि, अखंड आनंद और परम शांति का मार्ग है। भ्रम, भय, संशय और अभाव जैसी सारी इंसानी कमजोरियों की इकलौती दवा अध्यात्म ही है। इसलिए संसार में शांति और अपनी आत्मिक तरक्की के लिए आध्यात्मिक जीवनशैली अपनाएं।





# 'मिलन अपनो से' आउटिंग के साथ मनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। चेन्नई यहां राजस्थली क्लब का 'मिलन अपनो से' फुल डे आउटिंग कार्यक्रम रविवार को लैंडमार्क पल्लवा रिसोर्ट में आयोजित किया गया। कार और बसों द्वारा लगभग 125 लोग वहां पहुंचे। सत्र 2023-25 टीम का इंस्टालेशन कार्यक्रम हुआ। नए जुड़े सदस्यों का परिचय सत्र आयोजित हुआ। अध्यक्ष गुलाब गुलगुलिया ने सभी का स्वागत किया।

कार्यक्रम के दौरान स्विमिंग, बैडमिंटन, क्रिकेट एवं अनेक मनोरंजक खेलों का आयोजन भी हुआ। इस दौरान एमसी भावना जैन ने अनेक मनोरंजक गेम्स द्वारा उपस्थित लोगों का खूब मनोरंजन किया। इस दौरान स्वादिष्ट भोज हुआ। कार्यक्रम के संयोजक अनिल बोथरा एवं रोशन बोथरा थे। कार्यक्रम का संचालन संतोष सेठिया ने किया। धन्यवाद ज्ञापन मंत्री सुरेश तातेड़ ने दिया।

# सेलम में उत्तर भारतीय महिलाओं के लिए हुआ क्रिकेट टूर्नामेंट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सेलम। शहर में पहली बार उत्तर भारतीय महिलाओं को एक प्लेटफार्म में जोड़ने की दिशा में उत्तर भारतीय महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें चार टीम माहेश्वरी थंडर स्ट्राक्र्स, अग्रवाल गोल्डन गर्ल्स, ब्राह्मण ब्लैक पैंथर्स, गुजराती क्वीन्स ने भाग लिया। रोमांचकारी मैचों के दौरान फाइनल में माहेश्वरी थंडर स्ट्राक्र्स और ब्राह्मण ब्लैक पैंथर्स पहुंचे। रोमांचकारी मैच में ब्राह्मण ब्लैक पैंथर्स विजयी रहे। वहीं उपविजेता टीम माहेश्वरी थंडर स्ट्राक्र्स रही। इस पूरे आयोजन में शिवानी कांकाणी की विशेष भूमिका रही।

# जब दान आत्मसंतुष्टि देता है तो वह सुपात्र दान होता है : साध्वी धर्मप्रभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। यहां सोमवार को साहूकार पेट के एसएस जैन भवन में साध्वीश्री धर्मप्रभा ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि दान अगर उचित स्थान पर उचित व्यक्ति को हम करते हैं तो वह दान हमें संसार के भव सागर से पार करने का बीजारोपण हो सकता है। दान करते समय भावना कैसी है यह बहुत महत्वपूर्ण होता है। उस समय हमारी भावना शुद्ध होनी चाहिए। तो ही हमें इसका फल मिलता है। दान देने से हममें परिग्रह की प्रवृत्ति जागती है। मन में उदारता के भाव आते है। हमारे विचारों में शुद्धता आती है। हमारे अंदर मोह और लालच की भावना नहीं रहती है। दान करने से हम न सिर्फ दूसरों का भला करते हैं, बल्कि हम अपने व्यक्तित्व को भी निखारते हैं। जब हम दान बिना किसी स्वार्थ के करते हैं तो उस सुख का अनुभव हमें आत्म संतुष्टि प्रदान करता है और वो दान सुपात्र दान बन जाता।

साध्वी स्नेहप्रभा ने कहा कि संसार ऐसे दरिद्र इंसान भी है जिसके पास कुछ भी नहीं फिर भी वह दान देते है लेकिन जिनके पास अथाह धन है परन्तु वह दान नहीं कर सकते हैं। ऐसे व्यक्ति धनवान व्यक्ति होकर सबसे भूखे और दरिद्र इंसान की श्रेणी में आते हैं। एक छोटा सा दान मनुष्य की आत्मा को तिरा सकता है, उसे महान बना सकता है। संघ के कार्याध्यक्ष महावीर चन्द सिसोदिया ने बताया कि बड़ी संख्या में श्रद्धालुआं ने आयंबिल, एकासन उपवास आदि के प्रत्याखान लिए। जन्मोत्सव समारोह की भव्यता के लिए सभी पदाधिकारियों और एसएस जैन संस्कार मंच, जय संस्कार महिला मंडल, एसएस जैन संस्कार महिला शाखा के सदस्यों को साध्वीवृंद ने साधुवाद देते हुए बधाई दी।

# अहिंसा से बढ़ता है धर्म का गौरव : डॉ. दिलीप धींग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

सिरकाली (तमिलनाडु)। शसुन जैन महाविद्यालय में जैनविद्या विभाग के शोध-प्रमुख साहित्यकार डॉ. दिलीप धींग और कॉलेज की टीम ने हाल ही सिरकाली में चातुर्मास कर रही साध्वी सुधाकुंवर, विजयप्रभा आदि के दर्शन वंदन का लाभ लिया। डॉ. धींग ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के दौर में अहिंसा व शाकाहार को बढ़ावा देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पिछली सदी में राजस्थान में साध्वी यशकुंवर ने कई स्थानों पर पशुबलि रुकवाई तो आज वहां जैन समाज द्वारा सेवा के अनेक कार्य किये जा रहे हैं। ऐसी सकारात्मक दृष्टि से अहिंसा की प्रतिष्ठा करना समय की मांग है। अहिंसा अंधविश्वास से मुक्त कराती है और धर्म का गौरव बढ़ाती है। साध्वी सुधाकंवर ने डॉ. धींग के साहित्यिक योगदान की सराहना की। डी. रेशमा भंसाली की जिज्ञासाओं का समाधान किया। श्री श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन संघ के अध्यक्ष पुखराज बांठिया और मंत्री रोशनलाल मेड़तवाल ने साध्वी सुयशाश्री की अप्रमत्त दिनचर्या के बारे में बताया। इससे पूर्व मइलाडुदुरै (मायावरम) में श्री सुमतिनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर में डॉ. दिलीप धींग और शसुन जैन कॉलेज की टीम का अध्यक्ष रमेशचंद्र सराफ, सचिव राजकुमार बरडिया आदि ने सम्मान किया।

डॉ. धींग ने रेखांकित किया कि जैन समाज द्वारा तमिलनाडु में कई गांवों और नगरों में पाठशालाएँ चलाई जाती हैं, जिनमें विद्यार्थी नैतिक शिक्षा और तत्वज्ञान के साथ हिंदी भी सीख लेते हैं। इस अवसर पर स्थानकवासी जैन संघ के अध्यक्ष किशोरकुमार धर्मीचंद तातेड़, राजेश जैन रंगीला की पत्नी सरला चोरड़िया, संचार विभाग निदेशक ईबिनेजर, कविश्रा, सौधरमेंदिरन वी, निर्मलराज राव आदि अनेक जने उपस्थित थे।

# जाने अनजाने में बंधा हुआ कर्म आपको भुगतना ही पड़ेगा : चैतन्यश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। यहां पुरुषवाक्कम के एएमकेएम सेन्टर में चातुर्मासार्थ विराजित साध्वीश्री चैतन्यश्रीजी म. सा. ने सोमवार को अपने प्रवचन में बताया कि जीवन में कभी खुशी और कभी गम मिलता है। शुभ कर्म का उदय हो तो खुशी मिलती है तथा अशुभ कर्म का उदय होने पर गम मिलता है। हमारी आत्मा के साथ कर्म ठीक वैसे है जैसे दूध में पानी को मिलाने से दोनों एक हो जाते हैं। जब तक कर्म आत्मा के साथ चिपके रहेंगे तब तक आपको सिद्धियां नहीं मिलेगी। आज सबसे अधिक सुख तथा दुख कर्म के उदय के कारण है। अगर शुभ कर्म का उदय होता है तो संपत्ति और बाकी के सुख मिलते है लेकिन वह सुख संसार को बढ़ाने में सहायक होते है। वह संपत्ति कर्म बंध का कारण बन जाती है। भगवती सूत्र में भगवान महावीर से जयंती श्राविका ने एक प्रश्न पूछा की आत्मा हल्की कैसे होती है और भारी कैसे? भगवान कहते है कि आत्मा का स्वभाव हल्का है परन्तु आठों कर्म की वजह से जीवात्मा भारी बन जाती है। जाने अनजाने में बंधा हुआ कर्म आपको भुगतना ही पड़ेगा। कुछ कर्मों की त्याग तपस्या के द्वारा निर्जरा हो सकती है तथा कुछ कर्म ऐसे होते हैं जो आपको भोगना ही पड़ता है। आज की धर्म सभा में आसपास के अनेक क्षेत्रों से श्रद्धालु उपस्थित थे। तपस्या के अनेक प्रत्याख्यान हुए यह जानकारी पुरुषवाक्कम संघ के अध्यक्ष विनयचन्द पावेचा ने दी।

# आचार्य केशरसूरी लेखन, प्रवचन और ज्ञान के धनी थे : आचार्य उदयप्रभ

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



आचार्य केशरसूरी

चेन्नई। यहां किलपॉक श्वेताम्बर मूर्तिपूजक जैन संघ के तत्वावधान व गच्छाधिपति आचार्यश्री उदयप्रभ सूरीश्वरजी की निश्रा में योगनिष्ठ आचार्य केशरसूरीश्वरजी की 92वीं पुण्यतिथि पर गुणानुवाद के कार्यक्रम आयोजित हुए। इस मौके पर सामूहिक सामायिक, गुरु पूजन, संघ पूजन आदि आयोजित हुए। आचार्य केशरसूरीश्वरजी के जीवन चरित्र का वर्णन करते हुए आचार्यश्री उदयप्रभसूरीश्वरजी ने कहा अभिव्यक्ति से महत्वपूर्ण अनुभव होता है और अनुभव से महत्वपूर्ण उदाहरण होता है। जिनशासन में अनेक योगी पुरुष हुए अवतरित हुए हैं, जिनमें से एक आचार्य केशरसूरीश्वरजी थे। जिस काल में क्रिया, ज्ञान की महत्ता थी, ऐसे काल में एक महापुरुष ने जन्म लेकर योग, ध्यान की रुचि के अभाव को दूर किया। जिनशासन में योग शब्द का अर्थ है आत्मा को परमात्मा से जोड़ना। मन, वचन, काया के संयोजन को ऐसी क्रिया में जोड़ना, जिससे जल्दी मोक्ष हो। योग का आयुष्य से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने बताया केशरसूरीश्वरजी के पास तीन शक्तियां थी लेखनशक्ति, प्रवचनशक्ति और ज्ञानशक्ति। तीनों का समन्वय एक ही व्यक्ति में मुश्किल से मिलता है। आत्मशक्ति के बल पर ही उनका समन्वय पाया जा सकता है। उनमें प्रेम, क्षमा, करुणा कूट-कूट कर भरी थी। आत्मकल्याण करते-करते लोककल्याण भूलना नहीं और लोककल्याण करते-करते आत्मकल्याण को छोड़ना नहीं, यह उनके जीवन का उत्तम तत्त्व था। उनकी साधना उत्कृष्ट कोटि की थी। उन्होंने कहा उनके पास साधन नहीं थे, लेकिन साधना का बल था। योगशास्त्र ग्रंथ का सबसे पहले रूपांतरण उन्होंने किया था। उन्होंने योगसाधना, ध्यान-योग और आत्मशुद्धि से संबंधित बीस पुस्तकें लिखी।

आचार्यश्री ने बताया कि मात्र 10 वर्ष की आयु में तीन दिनों के अंतराल में उनके माता-पिता दोनों का वियोग हुआ। उन्होंने कहा जिसे दुःख से दर्द पैदा होता है, वह जघन्य व्यक्ति, जिसे दुःख से विवेक पैदा होता है, वह मध्यम व्यक्ति और जो दुःख से वैराग्य प्रकट करे, वह उत्तम व्यक्ति होता है। दुःख को याद रखो, सुखों को भूल जाओ तो वैराग्य प्रकट होता है। कर्मसत्ता अपना टोटल कैलकुलेशन पक्का रखती है, इसलिए हमें जागृत बनने की ज्यादा जरूरत है। केशरसूरीश्वरजी ने 16 वर्ष की आयु में ही वैराग्य प्रकट कर संयम ग्रहण किया। उन्होंने संयम जीवन के दौरान साधना के लिए गुफा में भी चातुर्मास किये। आचार्य शांति गुरुदेव और वे कल्याण मित्र थे। शांति गुरुदेव ने उनका अंतिम समय जानकर उनको आगाह किया। विक्रम संवत 1987 के भाद्रपद वदी पंचमी की सायंकाल समाधि में अपने प्राण अहमदाबाद के राजनगर में छोड़े। उन्होंने कहा मृत्यु पाने के बाद भी योगी पुरुषों का तेज़ का प्रभाव रहता है। प्रवचन के दौरान केसरवाड़ी तीर्थ ट्रस्ट मंडल के सदस्यों ने उपस्थित होकर आचार्यश्री के आगामी चातुर्मास की विनंती की।



# दादी परिवार द्वारा कृष्ण जन्मोत्सव

**तिरुपुर/दक्षिण भारत राष्ट्रमत।** यहां दादी परिवार द्वारा रायपुरम के गणेश मंदिर में कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। जिसमें काफी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया। सभी अपने अपने घर से लड्डु गोपाल को सजाकर लाई। सभी ने मिलकर नंदबाबा को बधाई दी। 'नंद के आनन्द भयो.. जय कन्हैयालालकी..' के मंगल गीत गाए। दादी परिवार की अध्यक्ष शिला शाह ने सभी का स्वागत किया। इस मौके पर परिवार की अनेक सदस्याएं उपस्थित थीं।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.